website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 237 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार 05 अगस्त 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## देश और प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज

**-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री मिले राष्ट्रपति से**

**-राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल एक सप्ताह में दो बार दिल्ली पहुंचे तो पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे भी दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी एवं अन्य नेताओं से मिली**

**एम खान**

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ के इस्तीफा के बाद देश की राजनीति में हलचल नजर आने लगी है। वैसे राजस्थान की राजधानी में पहले से ही कुछ बड़ा होने के कयास लगाए जा रहे थे। राजस्थान की राजनीति में जो दिखाई दे रहा है उससे ज्यादा हलचल चल रही है लेकिन दिखाई कम दे रही है। पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाजपा के बड़े नेताओं से मिलने ने राजनीति में कुछ नया होने के संकेत दे दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को कोई बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की बात कर रहा है तो कोई उपराष्ट्रपति और कोई प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की बात कर रहा है। लेकिन राजनीति में कुछ भी संभव है। क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे का भाजपा में एक बड़ा कद है। उनको राजनीति का बड़ा अनुभव है। इसलिए भाजपा में राजे को कभी भी बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।





### -राजनीतिक नियुक्तियां

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बार-बार दिल्ली दौरों ने राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। मुख्य विपक्षी दल पहले से ही मुख्यमंत्री को बदलने की हवा फैला रहा है लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल के दिनचर्या और कार्यशैली से नहीं लगता कि उनकी कुर्सी खतरे में है। पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी को वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर खुशी की लहर दौड़ा दी है। प्रदेश में दर्जनों आयोग, बोर्ड, समितियों में नियुक्तियां होनी है। भाजपा के बड़े से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं तक आशा लगाए बैठा है कि सरकार में उसको जरूर मौका मिलेगा। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं की अब बड़े नेताओं के पास आवाजाही बढ़ने लगी है।

### -अल्पसंख्यक बोर्ड, आयोग में नियुक्तियां

प्रदेश में भाजपा के पास अल्पसंख्यक वर्ग में सीमित संख्या में नेता और कार्यकर्ता है। फिर भी लंबे समय से भाजपा की सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं को जल्दी ही बोर्ड, निगम, आयोग एवं कमेटी में मौका मिल सकता है। अल्पसंख्यक समुदाय में मुस्लिम वर्ग सबसे बड़ा समुदाय है। मदरसा बोर्ड, वक्फ बोर्ड एवं हज कमेटी में मुस्लिम वर्ग से आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को नियुक्तियां मिल सकती है। जबकि अल्पसंख्यक आयोग और अल्पसंख्यक वित्त निगम में सिक्ख, जैन, ईसाई, बौद्ध को मौका मिल सकता है। भाजपा की राजनीतिक सोच के अनुसार अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष किसी सिख समुदाय के भाजपायी को मिल सकता है। जैन समुदाय को अल्पसंख्यक आयोग की जिम्मेदारी इसलिए नहीं मिलेगी क्योंकि जैन वर्ग की पैठ मुख्य भाजपा में ऊपर से नीचे तक है और अनेक जिम्मेदारियां उनके पास हैं। कुछ भी हो अल्पसंख्यक वर्ग के भाजपा कार्यकर्ताओं में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर बड़ी हलचल और उत्सुकता है।

### -प्रधानमंत्री और गृहमंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले

मानसून सत्र में विपक्ष के हंगामे के बाद कोई सरकारी कामकाज नहीं हो पाया है। अभी तक एक भी विधेयक संसद में पास नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर पर बहस भी संसद में हंगामेदार रही है। लेकिन एक ही दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का राष्ट्रपति मुर्मू से मिलना देश की राजनीति में कुछ बड़ा होने का संकेत दे रहा है। कुछ दिनों में उपराष्ट्रपति का चुनाव होना है। लेकिन भाजपा अभी तक अपने उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं कर पाई है। दूसरी तरफ विपक्ष बिहार की वोटर लिस्ट में हेरा-फेरी को लेकर संसद में बहस की मांग पर अड़ा हुआ है। विपक्ष मजबूत होने के कारण संसद चलने के समय सत्तापक्ष हमेशा परेशान हो जाता है। सरकार अपने विधायी कार्य भी संसद में पूरे नहीं कर पा रही है। कई विधेयक संसद में पास होने हैं, उन पर बहस नहीं हो पा रही है। इसलिए कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का राष्ट्रपति से मिलना कुछ बड़े होने का संकेत दे रहा है।

## भाजपा के कद्दावर नेता और प्रवक्ता ने थामा लालू का दामन, चुनाव से पहले कई पार्टियों में हलचल

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. तनवीर हसन के समक्ष भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश प्रसाद चौरसिया ने अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल और संजय यादव भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. तनवीर हसन ने भाजपा नेता सुरेश प्रसाद चौरसिया और उनके समर्थकों को राजद की सदस्यता रसीद के साथ लालू जी की जीवनी 'गोपालगंज से रायसीना' पर लिखी पुस्तक देकर सम्मानित किया। और सभी को राजद की सदस्यता ग्रहण कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. तनवीर हसन ने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की लगातार साजिश चल रही है। हम सभी को ऐसी ताकतों का डटकर मुकाबला करना होगा और लालू जी के विचारों और तेजस्वी जी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि 17



महीने की महागठबंधन सरकार के दौरान तेजस्वी ने नौकरी, रोज़गार, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, आईटी सेक्टर, सिंचाई आदि के क्षेत्र में बिहार के विकास का जो रोडमैप तय किया, उससे बिहार में सकारात्मक राजनीति को बल मिला है। बिहार में विकास और रोज़गार को मुद्दा बनाकर बिहार में नफ़रत के माहौल को ख़त्म करने की दिशा में तेजस्वी ने जो काम किया है, वह ऐतिहासिक रहा है और उसकी हर तरफ़ सराहना हो रही है। आज तेजस्वी के नेतृत्व पर बिहार की जनता का जो विश्वास और समर्थन है, उसे और मज़बूत करने की जरूरत है।

## भाजपा सरकार अल्पसंख्यक समुदाय को समृद्ध करने के लिए कटिबद्ध- मदन राठौड़

**-मोदी सरकार की ओर से शुरू किए गए स्टार्टअप मुस्लिम युवाओं के लिए मील का पत्थर होगा साबित- जमाल सिद्दीकी**

**-मुस्लिम युवाओं को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ करना चाहिए कार्य-हमीद खान मेवाती**

**-भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0' को लेकर प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित**




जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0' कार्यक्रम को लेकर प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश का सर्वांगिण विकास तब ही होगा, जब देश का प्रत्येक वर्ग सुखी रहे, समृद्ध रहे और मजबूत रहे। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण की नीति पर कार्य कर रहे है। पीएम मोदी ने आवास, चिकित्सा, मुद्रा योजना सहित तमाम योजनाओं को शुरू करने के पीछे समाज का सर्वांगिण विकास करना है। अल्पसंख्यक समाज को इन योजनाओं से जुड़ना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज कुछ राजनीतिक दल समाज के कुछ वर्गों के लिए तुष्टिकरण का शब्द इस्तेमाल कर रहे है, जबकि इस शब्द का मुस्लिम समाज से कोई लेना देना ही नहीं है। तुष्टिकरण का मतलब किसी को तुष्ट या राजी करना है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस वर्ग को तुष्ट किया जा रहा था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग को समृद्ध, मजबूत और सक्षम करने का प्रयास कर रहे है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरतंर मुस्लिम युवाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहे है। मोदी सरकार की ओर से शुरू किया गया स्टार्टअप इस कड़ी में मील का पत्थर साबित हो रहा है। शेष पृष्ठ 2 पर....

## हज 2026 के आवेदन अब 07 अगस्त 2025 तक भरे जा सकेंगे

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हज कमेटी ऑफ इण्डिया की और से हज आवेदन 2026 की अंतिम तारीख बढाकर 07 अगस्त 2025 कर दी गयी है। इच्छुक हज आवेदक अब दिनांक 07.08.2025 तक हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाईट अथवा हज सुविधा ऐप के जरिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

हज यात्रा 2026 हेतु 31 जुलाई 2025 तक राज्य से कुल 3955 हज आवेदकों ने रजिस्ट्रेशन किया है, जिसमें से 3408 आवेदन पत्र पूर्ण दस्तावेजों के साथ प्राप्त हुये है जिनको कवंर नम्बर जारी किये जा रहे है। संबंधित दस्तावेजों के साथ प्राप्त पूर्ण आवेदन पत्रों को कवर नम्बर जारी कर सूचना डाक द्वारा आवेदन पत्र में दिये पते पर भिजवाया जा रहा है। आवेदक हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर जाकर कवर इनक्वायरी में पासपोर्ट नं. डालकर हज- 2026 के कवर नं. की प्रति प्राप्त कर सकते है। कवर नं. में यदि किसी प्रकार की त्रुटि है तो उसे राजस्थान स्टेट हज कमेटी के फोन नं. 0141-2634786 एवं मोबाइल नम्बर 8005678080 पर सम्पर्क कर कवर नं. शीघ्र प्राप्त कर कवर नम्बर में जारी त्रुटि का सुधार करा सकते है।

आवेदन की अंतिम तिथि के तुरंत बाद कुर्रा (Digital Random Selection ) द्वारा हज यात्रियों का चयन किया जायेगा। चयनित हज यात्रियों को दिनांक 20.08.2025 तक हज अदायगी राशि रुपये 1,52,300/- प्रति हज यात्री जमा करने होगें। यह जानकारी राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी अबू सुफियान चौहान की और से दी गई है।

## चुनाव आयोग की धांधली के खिलाफ हमारे पास सबूत -राहुल गांधी

**-राहुल गांधी ने कहा चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में धांधली की, बेंगलुरु में देंगे सबूत**

**-राहुल गांधी लंबे समय से चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते रहे हैं। अब उन्होंने 5 अगस्त को बेंगलुरु में सबूत देने की बात कही है**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि उनके पास एटम बम है, जो वह पांच अगस्त को बेंगलुरु में फोड़ेंगे। राहुल ने साफ किया कि मंगलवार को वह कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में चुनाव आयोग



के खिलाफ सबूत देंगे। इसके साथ ही फ्रीडम पार्क से लेकर चुनाव आयोग के कार्यालय तक प्रदर्शन किया जाएगा। राहुल इससे पहले भी चुनाव आयोग को चेतावनी दे चुके हैं। हालांकि, आयोग उनके आरोपों को सिरे से नकारता रहा है। राहुल गांधी के पास चुनाव आयोग के पास कितना बड़ा एटम बम है फूटने के बाद ही पता चलेगा। यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव आयोग के खिलाफ ठोस सबूत दे पाए तो चुनाव आयोग की बेईमानी सामने आ जाएंगी। वैसे चुनाव आयोग पर सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में काम करने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं। लेकिन किसी के पास सबूत नहीं है।

राहुल गांधी ने कहा कि जब मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में उन्हें कोई सीट नहीं मिली तो हैरानी हुई। उन्होंने चुनाव में धांधली की बात कही तो उनसे सबूत मांगा गया। अब वह सबूत लेकर आए हैं।

### कर्नाटक चुनाव से जुड़ा डेटा

राहुल गांधी का कहना है कि कर्नाटक में मतदान के दौरान गड़बड़ी हुई थी। लंबी जांच के बाद उन्हें इसका सबूत भी मिल चुका है। यह सबूत पांच अगस्त को सबके सामने पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में अचानक से 40 से 45 साल के मतदाताओं के नाम जोड़ दिए गए। नए मतदाताओं की उम्र 18-20 साल के करीब होती है, लेकिन उम्रदराज मतदाताओं का नाम बड़ी संख्या में वोटर लिस्ट में जुड़ना संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि छह महीने की मेहनत से यह एटम बम बनाया गया है।

### सदन में विरोध कर रहा विपक्ष

विपक्ष के नेता संसद में लगातार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का विरोध कर रहे हैं। इस वजह से सदन की कार्रवाई भी बार-बार स्थगित हो रही है। राहुल के अलावा तेजस्वी यादव ने भी आरोप लगाए कि वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। हालांकि, चुनाव आयोग ने बताया कि तेजस्वी का नाम वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनका एपिक नंबर बदल गया है। इस वजह से उन्हें लिस्ट में उनका नाम नहीं मिल रहा था। राहुल गांधी ने इससे पहले भी चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिन्हें आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने चुनाव आयोग के अधिकारिकों के लिए धमकी भरे अंदाज में कहा था कि वोटों की चोरी में शामिल अधिकारियों को छोड़ा नहीं जाएगा। रिटायर होने पर भी उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शिबू सोरेन को राष्ट्रपति मुर्मु ने दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की। शिबू सोरेन का सोमवार सुबह 81 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हुआ। राष्ट्रपति ने उन्हें आदिवासी अस्मिता और सामाजिक न्याय की आवाज बताया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गंगाराम अस्पताल पहुंचे और शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। शाम 4:30 बजे उनका पार्थिव शरीर रांची पहुंचेगा, जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। अंतिम संस्कार की जगह और समय अभी तय नहीं हुआ है।

## सवाई माधोपुर में बाढ़ से भारी तबाही, खाने-पीने का सामान व पहनने के कपड़े तक नहीं बचे

**-छतों पर बैठकर गुजारी रात**

**-सवाई माधोपुर विधान सभा क्षेत्र से प्रदेश के कृषि मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता वर्तमान में विधायक हैं**

**शादाब अली**

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर के पुराने शहर में 30 जुलाई बुधवार की रात तबाही की रात बनकर आई । जिसने सारा जन-जीवन उथल-पुथल कर दिया । रात के 12 बजे से जिले में भारी बारिश का दौर शुरू हुआ, जो देखते ही देखते शहर के कई इलाके जल-मग्न होते चले गए। मस्जिद की दीवार टूट गई तो कहीं जानवर बकरा बकरी, भैंस, गाय, मुर्गा-मुर्गी बह गए या मर गए। कुछ नहीं बचा मकान, दुकान, स्कूल, मदरसे, जानवर सब डूबने लगे। लोगों का कहना है उस रात जैसी रात आज तक हमने अपने पूरे जीवन में कभी नहीं देखी, जो मंजर सामने था वो मुंह से बताया भी नहीं जा सकता । औरत बच्चे बूढ़े सब अपनी बर्बादी को रोकने में लगे हुए थे। छतों पर बैठकर शहर के लोगों ने अपनी जानें बचाई। स्कूल, मदरसों में बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई। शहर के मुख्य बाजार की अनेकों दुकानों में पानी भर गया और लाखों का माल खराब हो गया। पुराने शहर के अंसारी मोहल्ला, हम्माल मोहल्ला, मिर्जा मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला और कागजी मोहल्ले में काफी अधिक नुकसान हुआ है । 50 हजार से ज्यादा पुराने शहर के लोग इस बाढ़ की चपेट में आए हैं। जिसकी भरपाई हो पाना असंभव-सा है। बाढ़ के बाद बिजली पानी की समस्या से जूझना पड़ा, 40 घंटों के बाद शहर में बिजली की व्यवस्था सुचारु हुई। सवाई माधोपुर का पूरा जिला बाढ़ ग्रस्त है आस-पास के दर्जनों गांव जलमग्न हैं। सवाई माधोपुर विधान सभा क्षेत्र से प्रदेश के कृषि मनती और भाजपा के कद्दावर नेता वर्तमान में विधायक हैं।




### जिला प्रशासन मुस्तैद नज़र आया

जिला कलक्टर कानाराम एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनिवाल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया । पुलिस व सिविल डिफेन्स की टीम ने राहत और बचाव कार्य किया । जिले में सैंकड़ों लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

नौजवानों द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए की खाने-पीने की व्यवस्था

शहर के मिर्जा मोहल्ले में नौजवान युवाओं ने अंजुमन स्कूल में दोनों टाइम खाने और नाश्ते की बेहतरीन व्यवस्था की, जिसमें कुम्हार मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, मिर्जा मोहल्ला अन्य सभी बाढ़ पीड़ितों को खाना खिलाया गया।

### -बाढ़ आने के मुख्य कारण क्या रहे

बाढ़ के हालात क्यों पैदा हुए- रॉयल पत्रिका की खास रिपोर्ट व आमजन की प्रतिक्रिया

1. सवाई माधोपुर में बरसाती नाले में फ्लाई ओवर और सीवरेज के चौड़े-चौड़े पिलर और चैम्बर बनाने और उनकी बीस-बाईस फीट गहरी नींव खुदाई का मलबा नाले में ही पड़े रहने के कारण नाला चौक हो गया और रुका हुआ पानी बस्तियों में भर गया। स्थानीय शहर निवासियों का करोड़ों का नुकसान हो गया। मेरे निवास और मेरे क्लिनिक में भी लगभग 5 लाख का नुकसान हुआ है। इसकी ज़िम्मेदारी सीवरेज और फ्लाई ओवर बनाने वाले ठेकेदारों की है। उन्होंने नींव खुदाई का मलबा नाले में ही पड़ा रहने दिया। इस बात पर प्रशासन ने ध्यान क्यूं नहीं दिया।

-डॉ. सैयद सारिम अली, सहारा क्लिनिक, सवाई माधोपुर

2. सवाई माधोपुर में 29 जुलाई की रात में आयी तूफानी बारिश ने हाहाकार मचा कर रख दिया। जहां तक नजर गई वहां तक तबाही का मंज़र दिखाई पड़ रहा था। जिले के इतिहास में आज तक बारिश का इतना विकराल रूप नहीं देखा गया। पुराने शहर में बसे अंसारी मोहल्ला, हम्माल मोहल्ला, मिर्ज़ा मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, कागज़ी मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, मनिहारी मोहल्ले के घरों में इतना पानी घुस गया कि लोगों ने छतों पर चढ़कर बामुश्किल जान बचाई। लगातार भारी बारिश के चलते लोगों के दुकानों और घरेलू सामान व स्कूली छात्रों की किताबें बैग सहित पानी के साथ बह गई । ऐसी प्राकृतिक आपदा में सरकार की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अतिशीघ्र इस त्रासदी में प्रभावित लोगों का युद्ध स्तर पर सर्वे करवाए और उचित मुआवजा देकर क्षतिपूर्ति करे और लोगों को दोबारा से बसाए।

-रजीउद्दीन अंसारी, सवाई माधोपुर

3. पुराने शहर सवाई माधोपुर में एलिवेटेड रोड निर्माण कंपनी व ठेकेदारों द्वारा नाले की जो खुदाई की गई पिलरों के लिए उसका सारा मलबा नाले में ही डाल दिया गया। उसी मलबे को बिछाकर अपनी सुविधा के लिए सड़क बना दी गई, जिससे कि नाले का लेवल ऊपर उठ गया और जब बारिश का पानी आया तो पिलरों से टकराकर पानी शहर की बस्ती हम्माल मौहल्ला, अंसारी मोहल्ला, कागजी मोहल्ला, मिर्ज़ा मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला इन सब में घुस गया। इससे काफी माल की हानि हुई। इस नाले की खुदाई हो और दोनों तरफ सुरक्षा दीवार बने।

-जाहिद खान, नेचर गाइड, सवाई माधोपुर

4. सीवरेज की मैन लाइन की खुदाई से और एलिवेटेड रोड के कोलम की खुदाई से निकली मिट्टी को वहीं छोड़ देना जिससे नाले का लेवल और चौड़ाई दोनों कम हो गए। भेरू दर्रे पर शहर का कचरा नाले में डालना और पानी का मार्ग अवरुद्ध करना, जिसके कारण पानी मिर्च मार्केट से सीधा रोड से निकला और भेरू दरवाज़ा मस्जिद की तरफ वाले रोड की टाइल्स उखड़ते हुए गहरे गड्ढे कर गया। नाले के किनारे-किनारे विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण होना ।

-डॉ. सैयद बलीग अहमद, सवाई माधोपुर

5. विगत दिनों शहर में आई बाढ़ के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा के आदेश से नगर परिषद, सवाई माधोपुर ने बाढ़ पीड़ितों के लिए सुबह और शाम भोजन की व्यवस्था की है और सरकारी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सब की एक रिपोर्ट बनाकर दें और उनका जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जाएगी।

-सुरेन्द्र शर्मा, जिला प्रवक्ता भाजपा सवाई माधोपुर

6. सरकार की अदूरदर्शिता अकर्मण्यता और प्रशासन में प्रभावहीनता के चलते समय रहते अतिवृष्टि की जानकारी होने पर भी उचित प्रबंधन न कर पाना इसकी सबसे बड़ी वजह रही है।

मुख्यमंत्री प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन की बजाय अपनी कुर्सी को बचाने के प्रबंधन में लगे हुए हैं, सारे मंत्री अपनी-अपनी तरह से कुर्सी पर बने रहने के प्रयास में लगे हुए हैं । पूरी भारतीय जनता पार्टी कहीं ना कहीं आपसी खींचतान में व्यस्त है । जनता की परवाह नहीं, अति वृष्टि के पूर्वानुमान के बावजूद प्रदेश में बाढ़ के यह भयावह हालात होना सरकारी फैलियर को दर्शाता है।

-डॉ. सुमित गर्ग, महासचिव एवं प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी राज.

# ए यू बैंक द्वारा स्कूली बच्चों को बैग वितरण किए गए



मनोहरपूर, (रॉयल पत्रिका)। एयू बैंक टीम द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खोरालाड़खानी में गरीब और जरूरत मंद परिवारों की 25 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरण किए गए। बैग पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष सिंह कपूरिया ने गरीब छात्र-छात्राओं के लिए इस अनूठी पहल के लिए एयू बैंक का आभार जताया। इस अवसर पर एयू बैंक के ब्रांच बिजनेस मैनेजर इस्माइल मंसूरी जानकारी देते हुए बताया कि एयू बैंक के स्वदेश बैंकिंग हैड सुल्तान सिंह पलसानिया के सानिध्य में सदैव विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को प्रोहत्साहित करता रहा है। इस दौरान मदन लाल यादव,भुरा मल, जसवंत सिंह सहित स्टाफ गण मौजूद रहे।

# रेडियन्स पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

## -बच्चों की रचनात्मकता ने मोहा मन



मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर के समीप शाहपुरा देवन रोड पर रेडियन्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वच्छ भारत, पर्यावरण, डिजिटल इंडिया, व राष्ट्रप्रेम जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता तीन वर्गों—जूनियर, मिडिल और सीनियर—में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में रूही प्रथम, इशिका और वेदांशी द्वितीय, तथा हर्षिता तृतीय रही। मिडिल वर्ग में परिधि व हेजल ने पहला, नंदीश व आयुष ने दूसरा, तथा साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में तन्वी व राजीव ने प्रथम, ईशांत व जान्हवी ने द्वितीय तथा शैलेश व तनिष्का ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# गजल

इस फना होने वाली दुनिया से ये दोस्ती अच्छी नहीं
हां मगर बुलन्दी से उतरने के बाद ये पस्ती अच्छी नहीं
जाने कब नवाज दे खुदा उस को दोलत और इज्जत से
अभी गरीब है तो क्या उसके साथ ये मस्ती अच्छी नहीं
जोशे जवानी में तो खूब तफरीह की अपने दोस्तों के साथ
जब जरा तू अपनी उम्र देख अब ये गश्ती अच्छी नहीं
जो इज्जत मिल रही है मुझे किसी की दुआओं का सिला है
वरना ये दुनिया जानती है कि मेरी ये हस्ती अच्छी नहीं
न अखलाक की कद्र हुई न वफाओं का सिला मिला
तो फिर दिले युसुफ ये बोल उठा के ये बस्ती अच्छी नहीं

-अज कलम
छीपा मो. युसुफ अशरफी

# ख़ुशी अंतहीन चाहिए

जिंदगी का हर अंदाज़ बेहतरीन चाहिए
सूखी ज़मीन भी सभी ग्रीन चाहिए
चेहरों की मुस्कुराहट बेजान सी ना हो
हर शख्स की ख़ुशी अंतहीन चाहिए
सजदे दिखा दिखा के पागल बनाते हो
सजदे की रूह देह में ख़ुश तरीन चाहिए
रोटी कमाओगे क्या इस शहर में आप
इस शहर में रहबर ओ अमीन चाहिए
दुनियां की हिफाज़त का ऐलान करे है
ऐसे विषेले सांप दंतहीन चाहिए
सबको सुनाई देतीं हैं हर सूं ये सदाएं
रोटी भी चाहिए हमें मकीन चाहिए
महलों के पत्थरों से कोई पूछता नहीं
क्या तुमको कहीं दूसरी ज़मीन चाहिए
हम हश्र अपना लिख चुके आपकी बारी
क्या आपको भी युग वही प्राचीन चाहिए
धड़कन में बसा है वो निगाहों में छुपा है
लेकिन उसे तो यार नामचीन चाहिए

फ़ज़लुर्रहमान

# सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# समाजसेवी डॉ. गणपत लाल वर्मा "यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल" के जिलाध्यक्ष नियुक्त



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान मूल निवासी सवाईमाधोपुर समाज सेवी डॉ. गणपत लाल वर्मा को मानव समाज के प्रति आपकी जनसेवा की भावना, पर्यावरण के प्रति जन चेतना, राष्ट्र के प्रति देश भक्ति, निष्ठा, ईमानदारी के साथ आपकी सक्रियता व बेहतर कार्य को देखते हुए "यूनिवर्सल ह्मन राइट्स काउंसिल" के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण बांकोलिया ने समाज सेवी डॉ. गणपत लाल वर्मा को "यूनिवर्सल ह्मन राइट्स काउंसिल" भारत के सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष डॉ. गणपत लाल वर्मा को नियुक्त किया है। डॉ. तरुण बांकोलिया ने बताया कि आमजन के मानवाधिकारों की रक्षा हेतु एवं अपराधों को रोकने के साथ-साथ जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचने के उद्देश्य से काउंसिल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आर पी चंद्र आईएएस रिटायर्ड, ओ.पी. लांग्यान आईएएस रिटायर्ड, श्रीराम ब्याडवाल शिक्षाविद, महासचिव डॉ. इलियास अहमद, राष्ट्रीय विधि सलाहकार उल्हास हेबिज जर्ज, प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रराज मीणा, प्रदेश संयुक्त सचिव कैलाश सिसोदिया व समस्त कार्यकारिणी ने विचार करने के बाद डॉ. गणपत लाल वर्मा को तत्काल प्रभाव से सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। डॉ. गणपत लाल वर्मा ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण बांकोलिया एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ बखूबी से निभाऊंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बांकोलिया ने बताया कि डॉ. गणपत लाल वर्मा समाज में व्याप्त अत्याचार, उत्पीड़न और शोषण को दूर करने एवं मानवाधिकारों के संरक्षण हेतु जनहित में कार्य करेंगे। प्रेमस्वरूप पारीक ने बताया कि अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना संगठन की प्राथमिकता रहेगी। कैलाश सिसोदिया ने बताया कि डॉ. गणपत लाल वर्मा जिलाध्यक्ष पद की नियुक्ति मिलने पर राष्ट्रीय सचिव विष्णु अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रवि अजमेरा, प्रियंका शर्मा, प्रो. विवेक भोज, प्रो. डॉ.धर्मेंद्र वर्मा, राजेन्द्र सिंह राठौड, सूरजभान बुनकर, देवनारायण खोलिया व मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, संगठन मंत्री धर्मेंद्र चौधरी, जगमोहन बैरवा, गीता जैलिया सुभम कलोशिया बंशीलाल जैलिया सहित जिले के सभी ब्लॉकों में खुशी व्यक्त करते हुए तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण बांकोलिया का आभार प्रकट किया गया।

# मानव हित सामाजिक सेवा संस्थान सांगानेर ने मनाया स्थापना दिवस




सांगानेर (रॉयल पत्रिका) । गरीबों का मसीहा के नाम से पूरे राजस्थान में अपनी पहचान बनाने वाले संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय कटारिया ने दी जानकारी के अनुसार एक अगस्त को संस्था का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस बार कुछ हटके मनाया जा रहा है, क्योंकि इस बार हमारे पोते का भी इसी दिन जन्म हुआ हैं। इसलिए दोनों का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस स्थापना दिवस में राजस्थान से पधारे सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों का सांवरिया सेठ की तस्वीर भेंट कर फूल माला से स्वागत किया गया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय कटारिया ने जनता को संदेश देते हुए कहा कि फिजूल खर्ची को छोड़कर बच्चों की शादी सम्मेलन में करें और जो पैसों की बचत होती है। उसे बच्चों की पढ़ाई में लगाएं। क्योंकि पढ़ाई लिखाई से ही बच्चों का भविष्य सुधरेगा और देश की नींव मजबूत होगी। दहेज प्रथा पर अंकुश लगाए, बाल विवाह जड़ से खत्म करें, यही हमारी संस्था का उद्देश्य है। आप लोगों का सहयोग मेरे लिए सर्वोपरि है। गरीब, बेसहारा, मजबूर की सेवा करना ही मेरा धर्म बन गया है और मरते दम तक रहेगा। बिना मां-बाप के बच्चों की शादी संस्था के द्वारा निःशुल्क कराई जाती है । इस मौके पर बारां जिले से सुनीता यादव, वैजयंती यादव, विमल यादव, लीला महावर, नरेंद्र मीणा मांगरोल, रोहित मीणा, झालावाड़ से डॉक्टर सुरेश पंचाल भीलवाड़ा गंगापुर से भेरूलाल राजसमंद से ललिता देवकरण सिंह, भीलवाड़ा से जेमुन खान, कोटा से राजेश स्वामी, सवाई माधोपुर से बाबूलाल गुर्जर, मुकेश गुर्जर, राजेश शास्त्री, मेड़ता नागौर से राजेंद्र प्रजापत, सीताराम प्रजापत, अनमोल प्रजापत, विजयनगर गुलाबपुरा से शंभू दयाल राव, अजमेर से रामावतार राव, डॉक्टर आदित्य राव, लक्ष्मणगढ़ से माफिया खान, सोनू, मैडम खुशबू खान, अलवर से सुरेंद्र निरमा जाटव, अलवर से नेपाल सिंह जागा, हरिराम सैनी, सलीम पठान, नुहु पुनहाना कांमा पीपलखेड़ा से जमीन भाई, जयपुर से सादिक हिंदुस्तानी, सरोज सेन, किरण प्रजापत, डिंपल कंवर, मोनिका नराणियां, रवि शर्मा, आशीष शर्मा, सौरभ पवार, शारदा देवी, अजय, विकास, विशाल, पुलिस डिपार्टमेंट से सुरेंद्र रविंद्र ब्रह्म भट्ट, सुभाष ब्रह्म भट्ट, सोनू ब्रह्म भट्ट आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए हेरिटेज निगम ने चलाया फॉगिंग अभियान

## आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने दिए निर्देश सभी वार्डो की एक एक गली को करें कवर, जल भराव वाली जगहों पर विशेष अभियान




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। बारिश के बाद मच्छर जनित बीमारियो से बचाव के लिए नगर निगम हेरिटेज की ओर से वार्डो में फोगिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा की ओर से वार्ड वाइस रूट चार्ट भी बनाया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग हेरिटेज निगम की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल कर रही है। इस अभियान की जानकारी देते हुए हेरिटेज निगम उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में ये अभियान शुरू किया गया है। वार्डो की प्रत्येक गली मोहल्लों में में निगम के स्वास्थ्यकर्मी फॉगिंग अभियान चला रहे है। जिससे कि आमजन को मच्छर जनित बीमारियो से बचाया जा सकें। इसके लिए वार्ड के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक को भी ड्यूटी दी गई है। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि का भी सहयोग लिया जा रहा है।

वहीं, हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जलभराव वाली जगहों पर सफाई रखें। अपने घरों में भी बारिश का पानी जमा नहीं होने दे। जिन जगहों पर ज्यादा दिन तक पानी भरता है। वहां मच्छर लार्वा पैदा हो जाता है। इसके लिए तुरंत निगम के सीएसआई या एसआई से संपर्क कर एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव कराया जाएं। निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने स्वास्थ्य शाखा को निर्देश भी दिए है कि वे लगातार फील्ड में निरीक्षण करें। और जलभराव वाली जगहों पर विशेष ध्यान दे कर दवाई का छिड़काव किया जाएं। जिससे कि आमजन को बीमारियों से बचाया जा सके।

# "द इंफेंट्स पैराडाइज़ स्कूल में विज्ञान की प्रदर्शनी – छात्रों ने किया कमाल !"



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । झोटवाड़ा स्थित द इंफेंट्स पैराडाइज़ स्कूल में 03 अगस्त को विज्ञान प्रदर्शनी का ज़बरदस्त आयोजन हुआ । जिसने सभी को कर दिया हैरान ! छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडल और नवाचार प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर अभिभावकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से भव्य स्वागत किया। इस विज्ञान मेले में बच्चों की रचनात्मक सोच, तर्क शक्ति और कल्पनाओं की उड़ान ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि जब शिक्षा में मार्ग-दर्शक शिक्षक हों और मंच मिले प्रतिभा को – तो बच्चे कर सकते हैं बड़ा कमाल !

# विद्याधर नगर राजकीय कॉलेज में वृक्षारोपण

**एहसान पठान**




जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । शहर के राजकीय महाविद्यालय विद्याधर नगर, जयपुर में 'मिशन हरियालो राजस्थान', एक पेड़ मां के नाम अभियान व एबीआरएसएम संगठन के 'एक शिक्षक एक वृक्ष' कार्यक्रम के तहत प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रहलाद सहाय बुनकर के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया।

प्रोफेसर बुनकर ने बताया कि स्थानीय प्रजातियों को महत्व देने के लिए जैविक विविधतापूर्ण स्थानीय फलदार और छायादार 21 पौधे लगाए। स्टाफ ने रोपित पौधों की निगरानी और संधारण करते हुए विकसित होने तक की समस्त जिम्मेदारी ली। साथ ही राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने में सहभागी बनने, एक समृद्ध सुरक्षित सघन हरियाली बनाने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में सक्रिय योगदान मे भागीदार बनने का संकल्प लिया। इस दौरान डॉ. सुमन ढाका, डॉ. मधुलिका सिंह, सांवरमल जाट, डॉ. निर्मला कुमावत, डॉ. चेतना शर्मा, गरिमा भास्कर, कविता गुर्जर, ज्योति चांदोलिया आदि मौजूद रहे।

# भगवान के लिए शिक्षा के मंदिर को बदनाम ना करो-बच्चों की जिंदगी को यूं बर्बाद ना करो

**सादिक हिंदुस्तानी**



सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर के स्कूल भवनों का गहन निरीक्षण कर तुरंत कार्रवाई करना चाहिए। राजस्थान के इतिहास में पहली बार बच्चों के साथ त्रासदी वाली इतनी बड़ी घटना घटित हुई है। झालावाड़ में एक स्कूल के भवन के गिरने के कारण विद्यार्थियों के साथ हुई दर्दनाक, दिल को झकझोर देने वाली घटना ने राजस्थान के अधिकतर सरकारी भवनों की दुर्दशा को उजागर कर दिया। कांग्रेस पार्टी के सांगानेर विधानसभा से प्रत्याशी रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि झालावाड़ की इस घटना से शिक्षा विभाग के साथ-साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग की भी आंखें खुल जानी चाहिए। सांगानेर के कई स्कूलों के भवन भी अपनी नाजुक हालत पर आंसू बहा रहे हैं। बस यह सिलसिला कई वर्षों से यूं ही चला आ रहा है, ना कोई सुनने वाला और ना कोई देखने वाला। प्रदेश के सैंकड़ों स्कूल जर्जर हालत में हैं । जहां स्कूल में पढ़ने वाले हजारों बच्चों की जान जोखिम में है। पुष्पेंद्र भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री की विधानसभा सांगानेर में भी दर्जनों स्कूलों की हालत खस्ता है। जो निम्नलिखित है -

(1) महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, किरण पथ मानसरोवर (2) राजकीय माध्यमिक विद्यालय, वरुण पथ (3) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सीताराम नगर (4) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सूर्य नगर (5) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,मानसरोवर (6) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सुखिया गेट नंबर मुहाना मंडी के पास सांगानेर (7) राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कांटा वाली ढाणी हाज्या वाला (8) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी कुमावत (9) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सरोज बिहार (10) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कमला नेहरू नगर केशोपुरा (11) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्याणपुरा सांगानेर (12) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, अंबेडकरनगर सांगानेर (13) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कमला नेहरू नगर (14) राजकीय प्राइमरी विद्यालय, नारायण विहार (15) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देवरी सांगानेर।

इसके लिए भाजपा के विधायक जिम्मेदार हैं, क्योंकि दो दशकों से उन्हीं के विधायक बनते आ रहे हैं। किसी ने भी सरकारी स्कूल के भवनों की दुर्दशा पर ध्यान नहीं दिया। मैं समझता हूं कि सरकार को झालावाड़ की घटना से सबक लेना चाहिए। वरना सांगानेर में भी ऐसी घटना घटित हो सकती है। इसके लिए शिक्षा विभाग को मुस्तैदी से कार्य करना चाहिए। हमें सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 2256 स्कूल जर्जर स्थिति में हैं ।

शिक्षा विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान सरकार को इतनी बड़ी संख्या में स्कूल भवनों की खराब स्थिति की जानकारी मिली थी। यही वजह थी कि राज्य सरकार ने बजट 2024 -25 में 750 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा में भी आठ विधायकों द्वारा स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए सवाल किए गए थे। लेकिन बताते हैं कि शिक्षा विभाग के द्वारा एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया गया। इस तरह इस घटित घटना पर नेताओं के द्वारा दुख प्रकट किया गया। एक दूसरे पर दोषारोपण किया गया। लेकिन नैतिक जिम्मेदारी किसी ने भी नहीं ली। आज के इस दौर में नैतिक जिम्मेदारी लेकर त्याग पत्र देने का सिलसिला समाप्त हो चुका है। नैतिकता मर चुकी है। लेकिन हम कहते हैं कि नैतिक जिम्मेदारी में दोनों पार्टी भाजपा और कांग्रेस बराबर की जिम्मेदार है।

और शिक्षा विभाग के मंत्री और प्रशासन इसका सबसे बड़ा दोषी है। जिसने मरम्मत के लिए बजट मिलने के बावजूद भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। लेकिन वह भी क्या करें ? हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में ही सबसे बड़ा दोष है, क्योंकि स्कूल के शिक्षकों को साल में कई तरह के काम, जिम्मेदारियां दे दी जाती हैं। जनगणना से संबंधित, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, वोटिंग से संबंधित, सरकारी कैंपों से संबंधित और अन्य काम सौंप दिए जाते हैं। इसलिए शिक्षकों के पास बच्चों को पढ़ाने के लिए इतना भी समय नहीं मिलता कि उनका पूरा कोर्स करा दिया जाए। मेरा सुझाव है कि शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई और खेलकूद के लिए फ्री हैंड दे दिया जाए।

जिससे पढ़ाई का स्तर भी सुधरेगा और खेलों में भी हमारे बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। शिक्षकों से सीधा कहा जाए कि अब आपको सिर्फ बच्चों को पढ़ाई करानी है। विद्यालय से संबंधित हर जिम्मेदारी आपकी है। बच्चों की पढ़ाई का स्तर नहीं सुधरा तो आपकी 50% परसेंट सैलरी काटी जाएगी। स्कूल भी सुधरेंगे, बच्चे भी सुधरेंगे, शिक्षक भी सुधरेंगे और गारंटी से शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा। राजनैतिक बयानबाजी बंद कर झालावाड़ जैसी गलती दोबारा ना होना हो, इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जेडीए युद्ध स्तर पर कर रहा मरम्मत कार्य

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों का पालन करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण ने शहर में हाल ही में हुई भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जेडीए द्वारा इसी क्रम में जेडीए ने एसएमएस अस्पताल में वर्षों से बंद नाले की सफाई एवं मरम्मत कार्य करवाया जाकर जल निकासी सुचारू रूप से शुरू करवाई गई है। जेडीए आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एसएमएस अस्पताल में आयुष्मान टावर और कार्डियोलॉजी भवन के निर्माण के दौरान पाया गया कि चरक भवन से नवनिर्मित कार्डियोलॉजी भवन तक के रास्ते पर वर्षा के दौरान जलभराव हो रहा था, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही थी। जेडीसी ने इस समस्या के स्थाई निस्तारण हेतु तुरंत प्रभाव से इंजीनियरिंग शाखा को वर्षों से बंद पड़े नाले की सफाई और मरम्मत के निर्देश दिए। इन निर्देशों के बाद, इंजीनियरिंग शाखा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नाले की सफाई और मरम्मत का काम शुरू करवाया। परिणामस्वरूप, अब जल की निकासी सुचारू रूप से हो रही है, जिससे परिसर में जलभराव की समस्या समाप्त हो गई है। उल्लेखनीय है कि शहरभर में पेच रिपेयर और मरम्मतीकरण कार्य जारी है। जेडीए द्वारा माननीय मुख्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री के नेतृत्व में, शहर की प्रमुख सड़कों पर भारी बारिश से पैदा हुई समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रहा है। जेडीए के अभियंताओं को विभिन्न क्षेत्रों में तुरंत पेच रिपेयर और मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियंता मौके पर जाकर नियमित रूप से युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं, जिससे जयपुर शहर में यातायात का संचालन सुगम रूप से हो रहा है। जेडीए का यह प्रयास शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं देने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पृष्ठ 1 का शेष....

## भाजपा सरकार अल्पसंख्यक समुदाय को समृद्ध करने......

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0' कार्यक्रम को लेकर प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश का सर्वागिण विकास तब ही होगा, जब देश का प्रत्येक वर्ग सुखी रहे, समृद्ध रहे और मजबूत रहे। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण की नीति पर कार्य कर रहे है। पीएम मोदी ने आवास, चिकित्सा, मुद्रा योजना सहित तमाम योजनाओं को शुरू करने के पीछे समाज का सर्वागिण विकास करना है। अल्पसंख्यक समाज को इन योजनाओं से जुड़ना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज कुछ राजनीतिक दल समाज के कुछ वर्गों के लिए तुष्टिकरण का शब्द इस्तेमाल कर रहे है, जबकि इस शब्द का मुस्लिम समाज से कोई लेना देना ही नहीं है। तुष्टिकरण का मतलब किसी को तुष्ट या राजी करना है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस वर्ग को तुष्ट किया जा रहा था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग को समृद्ध, मजबूत और सक्षम करने का प्रयास कर रहे है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरतंर मुस्लिम युवाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहे है। मोदी सरकार की ओर से शुरू किया गया स्टार्टअप इस कड़ी में मील का पत्थर साबित हो रहा है। **शेष पृष्ठ 2 पर....**

# रामगढ़ मोड़ व्यापार मंडल सड़कों पर उतरा

**-कर्बला चौराहा पर सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन**

**-टूटी सड़के, सीवर लाइन, घरों में घुसते गंदे पानी की समस्या को लेकर नगर निगम का किया विरोध**

**-रामगढ़ मोड़ व्यापारियों का फूटा ग़ुस्सा, निगम की लापरवाही के ख़िलाफ़ सड़क पर उतरे व्यापारी**





जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। रामगढ़ मोड़ क्षेत्र में व्यापारियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। इलाके की खस्ताहाल सड़कों, जाम सीवर लाइनों और घरों में घुसते गंदे पानी से परेशान व्यापारियों ने 1 अगस्त 2025 को कर्बला चौराहा पर धरना देकर विरोध जताया। व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारी सड़क पर बैठ गए और नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कई बार निगम अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन न तो सड़कें ठीक की गईं और न ही सीवर की सफाई हुई। बारिश होते ही सीवर ओवरफ्लो हो जाते हैं और गंदा पानी दुकानों और घरों में घुस जाता है, जिससे लोगों को भारी नुकसान होता है और बीमारियों का खतरा बना रहता है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही हालात नहीं सुधरे, तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे और निगम कार्यालय का घेराव भी कर सकते हैं। स्थानीय लोगों और व्यापारियों की एक ही मांग है—"टूटी सड़कों की मरम्मत करो, सीवर की सफाई करो, वरना कुर्सी खाली करो।" बाद में स्थानीय विधायक बालमुकंद आचार्य ने धरना देने वाले नागरिकों को आश्वासन दिया कि भविष्य में नगर निगम और जेडीए के अधिकारी समस्याओं का समाधान करेंगे। विधायक के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। विधायक के क्षेत्र हवामहल में काफी जगह वर्षात के पानी के कारण स्थिति खराब हो गई है ।

# तुर्किये की मदद से ढाका चल रहा नापाक चाल- एस. जयशंकर

**-ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा**

नई दिल्ली। तुर्किये समर्थित समूह ने अपने ग्रेटर बांग्लादेश के नक्शे में भारतीय क्षेत्र को दर्शाया है। इसे लेकर भारत सरकार ने कहा है कि ढाका में सल्तनत-ए-बांग्ला नाम से सक्रिय इस्लामी समूह पर उनकी नजर है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि समूह को एक तुर्किये एनजीओ (तुर्किये युवा संघ) का समर्थन प्राप्त है। इस समूह ने तथाकथित ग्रेटर बांग्लादेश का एक नक्शा जारी किया है, जिसमें भारत के कुछ हिस्से शामिल हैं। मंत्री ने राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही।

**-ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा जारी किया गया था**

सल्तनत-ए-बांग्ला ने इस साल की शुरुआत में शाहबाग स्थित ढाका विश्वविद्यालय के शिक्षक-छात्र केंद्र में एक कार्यक्रम में ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा जारी किया था। खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने कहा कि यह समूह कट्टरपंथी विचारधाराओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है और बांग्लादेश में उन युवाओं को संगठित कर रहा है, जो ग्रेटर बांग्लादेश के निर्माण के पक्ष में हैं। समूह द्वारा जारी तथाकथित ग्रेटर बांग्लादेश के विवादास्पद नक्शे में म्यांमार का अराकान क्षेत्र और भारत का बड़ा हिस्सा शामिल है, जिसमें बंगाल, झारखंड, त्रिपुरा, असम, बिहार, ओडिशा और अन्य पूर्वोत्तर राज्य शामिल हैं। भारतीय एजेंसियां इस समूह की बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ निकटता को लेकर अधिक चिंतित हैं।

**-NGO की मुख्य वित्तपोषक हैं दीना अफरोज यूनुस**

पता चला है कि संगठन को मिलने वाला धन दीना अफरोज यूनुस से जुड़ा है, जो मुहम्मद यूनुस की बेटी है। वह कथित तौर पर एक गैर सरकारी संगठन सीएसएस-बांग्लादेश की मुख्य वित्तपोषक हैं। इस एनजीओ की पहचान संगठन शाखा, बारावा-ए-बंगाल के लिए रसद और भर्ती केंद्र के रूप में की गई है। यह उपसमूह बांग्लादेश के युवाओं की भर्ती और उन्हें अपने विचारों से प्रभावित करने का काम करता है। इस बीच, एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक ने कहा है कि मोहम्मद यूनुस का अर्थशास्त्री से



अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में परिवर्तन बांग्लादेश के लिए घातक साबित हुआ है, क्योंकि उनके कार्यकाल में कट्टरपंथी इस्लामी प्रभाव के बढ़ने से देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र से एक धर्मशासित में बदलने का खतरा पैदा हो गया है। गेटस्टोन इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूनुस के नेतृत्व में राजनीतिक स्थिति से पता चलता है कि सरकार एक और असफल देश की ओर बढ़ रही है, जो आतंकियों के लिए अनुकूल स्थिति में है।

वहीं, बांग्लादेश अवामी लीग ने घोषणा की है कि पार्टी, संबद्ध और समान विचारधारा वाले सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संगठनों के साथ मिलकर बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की 50वीं शहादत वर्षगांठ मनाने के लिए अगस्त में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करेगी।

# शहर की सड़कें गड्डों में हो रही तब्दील, सुध लेने वाला कोई नहीं-इमरान कुरैशी

**-पीसीसी सचिव बोले-जनप्रतिनिधि व प्रशासन समस्या का करें समाधान**



जयपुर। राजस्थान कांग्रेस कमेटी के सचिव इमरान कुरैशी ने कहा कि राजधानी जयपुर के सांगानेर, विद्याधर नगर और झोटवाड़ा विधानसभा के साथ ही पूरे जयपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में हर गली-मोहल्ले में सिर्फ गड्ढे नजर आ रहे हैं। सड़क नाम की कोई चीज नहीं है, जो सड़कें 4 महीने पहले बनी थी उन सड़कों पर भी इतने गड्ढे ही गड्ढे दिख रहे हैं, सड़क नजर ही नहीं आ रही है। जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। कई घंटे वाहनों का जाम लगा हुआ नजर आता है। यहां जारी एक बयान में कुरैशी ने कहा-लोगों ने अपनी सुरक्षा के लिए गड्डों के चारों तरफ पत्थर लगा दिए, लोगों को सावधान करने के लिए बोर्ड लगा दिए हैं, लेकिन जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। नेता सड़कों पर निकलकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए नजर नहीं आते, जनता मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधायकों से उम्मीद कर रही है कि वह जाकर उनकी सुध लेंगे, लेकिन जनता के भारी आक्रोश के बावजूद सरकार के किसी भी प्रतिनिधि का लोगों के बीच में पहुंचकर गड्डों के भरने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करना बहुत शर्म की बात है। इमरान कुरैशी ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से आग्रह किया है कि वे मौके पर जाकर जनता की सुध लें और समस्या का समाधान करें।

# देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के दो युवक गिरफ्तार

**-पुलिस थाना मुहाना जयपुर दक्षिण की बड़ी कार्यवाही**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। थाना मुहाना ईलाके में रात्रि 9 पीएम से 12 पीएम के बिच सुनसान सडको व शराब ठेको के आस पास हथियार दिखाकर लगातार हो रही लूट की वारदातो के क्रम में 01 अगस्त 2025 को वंदना एसआई मय जाब्ता के गश्त के दौरान मुखबिर खास से सुचना मिली की मुहाना मंडी में एक एक्सटीम बाईक बिना नम्बरी पर दो लडके सवार होकर आस पास घुम रहे है। जिनके पास हथियार है जिस पर पुलिस टीम के मुखबिर खास के बताये अनुसार जाकर चैक किया तो एक बिना नम्बरी एक्सटीम बाईक पर दो लडके नाम पता संदीप वैष्णव पुत्र बनवारी लाल जाति वैष्णव साद उम्र 23 साल निवासी ग्राम वास खादेडा थाना केकड़ी अजमेर हाल निवासी मोहनगर मीणा कॉलोनी सुखिया सांगानेर व राहुल गुर्जर पुत्र रंगलाल गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 19 साल निवासी ग्राम झिंझण पुलिस थाना सिकन्दरा दौसा के कब्जे से एक 32 बोर देशी कटटा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया जाकर पुलिस थाना मुहाना जयपुर दक्षिण पर मुकदमा नंबर 788/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया ।

गुर भुपेन्द्र सिंह पु.नि. थानाधिकारी थाना मुहाना के नेतृत्व में चुनिन्दा पुलिस कर्मियों की टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा थाना मुहाना ईलाके में रात्रिकालीन हो रही हथियार की नोंक पर मोबाईल पैसे व मोटरसाईकील लूट की वारदातो के घटनास्थलो पर जाकर कैमरे के फुटेज देखे गये जिसमें दो लडके एक्सट्रीम स्पोर्टस बाईक पर करीब 9 बजे के आस पास से लेकर 12 बजे के बिच सुनसान सडके व शराब के ठेको के आस पास अकेला सुनसान सडक पर खडे लडको को देशी कटटा दिखाकर उसका पैसा मोबाईल व बाईक लूटकर ले जाते थे जो लगातार कई दिनो से वारदाते कर रहे है। सैकडो सीसीटीवी फुटेज देखने पर पाया की दोनो लडके पतले दुबले व एक के बाल लम्बे है तथा दूसरा की लंबाई 6 फीट से उपर है जिस पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास मामूर किया जाकर लगातार पीछा किया गया। मुखबिर की सुचना पर उक्त दोनो लडको बाईक के मय हथियार के गिरफ्तार करने में सफलता मिली। जिन्होने पुछताछ में करीब आधा दर्जन वारदातो का खुलासा किया है। जिनसे एक लूटी गई बाईक आर जे 05 एसजी 0793 व लूटे गये चार मोबाईल मुलजिमो की सुचना पर बरामद किये गये है ।

# जयपुर में ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन (AIITA), राजस्थान इकाई ने 31 जुलाई को जयपुर में एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें दस स्कूलों के 120 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का आयोजन इस्लामिक सेंटर में किया गया, जिसमें शिक्षकों के पेशेवर विकास, नैतिकता, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप शिक्षण कौशल को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

**प्रथम सत्र: शिक्षण में नवाचार और व्यावसायिकता**

कार्यशाला का पहला सत्र सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ, जिसके कन्वीनर कारी इशाक रहे। सत्र की शुरुआत तिलावते कुरआन से हुई, जिसके बाद जयपुर इकाई के अध्यक्ष मोहम्मद अंसार ने स्वागत भाषण दिया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षकों का स्वागत करते हुए AIITA के साथ जुड़ने और इसके मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी हिंद के अमीरे हल्का मोहम्मद नाजिमुद्दीन ने आध्यात्मिक संबोधन दिया। सत्र में AIITA के उद्देश्यों और कार्य प्रणाली पर परिचयात्मक सत्र भी आयोजित हुआ।

AIITA के राज्य अध्यक्ष खालिद अख्तर साहब ने "कक्षा प्रबंधन" पर प्रभावी व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने कक्षा में अनुशासन और शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के व्यावहारिक तरीके साझा किए। इसके बाद मोहम्मद फरीद (सचिव, MTB, नई दिल्ली) ने "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण में व्यावसायिक कौशल कैसे विकसित करें" विषय पर विस्तृत भाषण दिया। उन्होंने NEP 2020 के प्रमुख बिंदुओं और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सत्र का समापन शारिक अंसार (सचिव, ह्मन वेलफेयर फाउंडेशन, नई दिल्ली) के "प्रभावी शिक्षण अधिगम विधियां" पर व्याख्यान के साथ हुआ। उन्होंने शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए नवीन तकनीकों और विधियों पर जोर दिया। इसके बाद नमाज और दोपहर के भोजन के लिए अवकाश लिया गया।

**द्वितीय सत्र: शिक्षक नैतिकता और AIITA की नीतियां**

दोपहर के सत्र के कन्वीनर अब्दुल हमीद रहे। इस सत्र की शुरुआत में प्रदेश अध्यक्ष खालिद अख्तर ने AIITA के परिचय, नीतियों और कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद शारिक अंसार ने "शिक्षक के नैतिक गुण और पेशेवराना योग्यता" पर एक घंटे का प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने शिक्षकों को नैतिकता, समर्पण और पेशेवर दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी।

सत्र में शिक्षकों ने अपने शिक्षण अनुभव साझा किए और एक जीवंत प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया। शिक्षकों ने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिससे कार्यशाला और अधिक इंटरैक्टिव बनी।

**आइडियल टीचर्स अवार्ड की घोषणा**

कार्यशाला में AIITA द्वारा इकाई और राज्य स्तर पर "आइडियल टीचर्स अवार्ड" की घोषणा भी की गई, जिसका उद्देश्य उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करना और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना है।

**समापन और दुआ**

कार्यशाला का समापन जमात-ए-इस्लामी हिंद के अमीरे हल्का मोहम्मद नाजिमुद्दीन के हृदयस्पर्शी भाषण और दुआ के साथ हुआ। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा के क्षेत्र में नैतिकता और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ इस प्रेरणादायक कार्यशाला का अंत हुआ।

**AIITA का उद्देश्य**

AIITA का लक्ष्य शिक्षकों को पेशेवर और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज में शिक्षा के माध्यम से सकारात्मक बदलाव ला सकें। इस कार्यशाला में ताहिर आजाद ने भी शिक्षकों को संबोधित किया और शिक्षण के क्षेत्र में निरंतर व्यावसायिक विकास (CPD) पर जोर दिया।

यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि उन्हें अपने पेशे के प्रति और अधिक प्रेरित और समर्पित होने का अवसर भी प्रदान किया। AII-TA की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नैतिकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दी बार एसोसिएशन वक्फ ने मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन प्रेषित किया

**-न्यायालय राजस्थान वक्फ अधिकरण में पीठासिन अधिकारी लंबे समय से अवकाश पर हैं**

**-अवकाश पर होने के कारण न्यायालय में नियमित सुनवाई नहीं हो पा रही है**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। न्यायालय राजस्थान वक्फ अधिकरण में पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण दी बार एसोसिएशन वक्फ ने राजस्थान उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश एवं रजिस्ट्रार जनरल को ज्ञापन प्रेषित कर न्यायालय राजस्थान वक्फ अधिकार का लिंक देने की मांग की गई है।

दी बार एसोसिएशन वक्फ के अध्यक्ष/अधिवक्ता अब्दुल वाहिद नकवी, सिराजुद्दीन मोहम्मद असलम खान सहित अन्य पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा है कि पूरे राज्य में स्थित वक्फ संपत्तियों के संबंध में होने वाले विवादों के निस्तारण का उपरोक्त न्यायालय राजस्थान वक्फ अधिकरण का ही क्षेत्राधिकार हैं। कई दिनों से पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण न्यायालय में नियमित सुनवाई नहीं हो पा रही हैं। जिसके कारण अर्जेंट प्रकृति के मामलों की भी सुनवाई नहीं हो पा रही हैं। दी बार एसोसिएशन वक्फ के सदस्य एवं एडवोकेट मोहम्मद असलम खान ने बताया कि पीठासीन अधिकारी तथा लिंक चार्ज नहीं होने के कारण सरकारी वक्फ संपत्तियों का नुकसान होने का खतरा उत्पन्न हो गया हैं। ऐसे में अतिशीघ्र लिंक अधिकारी लगाने के आदेश जारी किए जाए, ताकि प्रदेश भर से न्याय के लिए जयपुर आ रहे पक्षकारों को राहत मिल सके।

# ख़िराज-ए-आक़ीदत

गमनाक मौका है कि हमारी दादी माँ मरहूमा गुलजार बेगम खान का इन्तेक़ाल 05.08.2024 को हुआ था।

आज उनकी पहली बरसी पर, हम उन्हें ख़िराज-ए-आक़ीदत पेश करते हैं।



**मरहूमागुलजार बेगम खान**

उनकी मेहरबानी, शफ़क़त और मोहब्बत के वो लम्हात हमेशा हमारे दिलों में ज़िंदा रहेंगे।

उनकी दुआओं की बरकत, उनका नरम चेहरा और उनकी नज़ाकत-ए-लहज़ा हमारी ज़िंदगी की रोशनी हैं।

जब वे हाथ उठा कर दुआ करती थीं तो ऐसा लगता था जैसे जन्नत के दरवाज़े खुल गए हों।

"आंगन की चहल-पहल थीं दादी
बचपन का वो सुनहरा महल थीं दादी
हर मुश्किल का हल थीं दादी
जिंदगी में अमन का पल थीं दादी"

हमारी दिल से दुआ हैं कि अल्लाह
तआला उनकी रूह की मग़फ़िरत करे,
उनकी क़ब्र को रौशन करे और उन्हें जन्नतुल फ़िरदौस में आला मुक़ाम अता फरमाए।
आमीन या रब्बल आलमीन।
सभी अज़ीज़-ओ-आक़ारिब से गुज़ारिश है कि
मरहूमा की सुकून-ए-रूह के लिए दुआएँ करें।

– ख़ानदान-ए-मोहतरम
शकील अहमद खान
जे. ए. खान, एडवोकेट
सायरा खान
डॉ. जोया अमरीन खान

# बम ब्लास्ट केस के दो मामलों में अदालतों का निर्णय आया

**-महाराष्ट्र सरकार एक में अपील करेगी जबकि दूसरे निर्णय का स्वागत किया है**

**-मालेगांव ब्लास्ट केस में जाँच एजेंसियों की भूमिका रही है विवादों में**



जयपुर। एनआईए की अदालत ने मालेगांव ब्लास्ट मामले में बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी आरोपी हिंदू थे। पिछले 17 साल से चर्चा में रहे साल 2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में आख़िरकार फ़ैसला आ गया है। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने इस मामले में अभियुक्त रहीं बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी अभियुक्तों को निर्दोष करार देते हुए कहा, "यह एक अत्यंत गंभीर मामला है जिसमें आम नागरिकों की जान गई। लेकिन अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए निर्णायक सबूत पेश नहीं कर पाया।" न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, "केवल शक के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं किए जा सकते।" जिस तरह इस मामले की जाँच और मुक़दमे की गूँज देशभर में सुनाई दी थी, उसी तरह इस फ़ैसले पर भी व्यापक प्रतिक्रिया आने की संभावना है। दरअसल, 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए इस ब्लास्ट में सात लोगों की मौत हो गई थी और 93 लोग घायल हुए थे। यह ब्लास्ट किसने करवाया, 17 साल बाद भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है। महाराष्ट्र के भाजपा नेताओं ने अदालत के निर्णय का स्वागत किया है और कहा है कि हिंदू कभी आतंकवादी हो ही नहीं सकता।

**-मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट मामला**

कुछ ही दिन पहले ही 11 जुलाई 2006 को मुंबई लोकल ट्रेन में हुए ब्लास्ट के मामले में भी सभी अभियुक्त बरी हो गए थे। अदालत ने सुरक्षा एजेंसियों के सबूतों को अपर्याप्त बताते हुए बरी कर दिया। मुंबई लोकल ट्रेन हादसे में सभी आरोपी मुस्लिम समुदाय के थे। महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने हाई कोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाने का निर्णय किया है महाराष्ट्र सरकार ने दोनों बम ब्लास्ट मामले में अलग-अलग प्रतिक्रिया दी हैं। अब ऐसा लगने लगा है कि कानून भी राजनीति और प्रशासन, जाति, समुदाय एवं धर्म देखकर कार्य करने लगा है। एक ही महीने में आए इन दो फ़ैसलों ने जाँच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मालेगांव का मामला इसलिए भी अधिक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बड़ा बन गया, क्योंकि पहली बार ऐसी घटना में हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। इसके अलावा, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी धमाके की साज़िश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया था। वे उस समय भारतीय सेना में कार्यरत थे। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अब साध्वी प्रज्ञा और कर्नल पुरोहित के साथ ही रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर द्विवेदी को भी आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। साल 2017 में 'महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम' (मकोका) की धाराएँ इन अभियुक्तों पर से हटा ली गई थीं।

# पुलिस थाना अशोक नगर जयपुर (दक्षिण) की बड़ी कार्यवाही

**-सेन्ट्रल पार्क जयपुर में एक महिला को बेहोश करके की गई लूट की बारदात का पर्दाफाश**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज आई.पी.एस. ने बताया कि 07 जुलाई 2025 को परिवादिया अनुराधा शर्मा ने पुलिस थाना अशोकनगर जयपुर पर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 04 जुलाई 2025 को वह हर दिन की तरह में सेन्ट्रल पार्क घूमने के लिए लगभग शाम 7 से 8 बजे के समय गयी थी। वह अपनी सैर खत्म करके हाईकोर्ट के सामने वाले गेट से निकलने के लिए जा रही थी। उससे 20 कदम पहले किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से आकर उसका गला व मुंह दबाकर कुछ सुंघाकर बेहोश कर दिया। उसी दौरान उसकी 02 सोने की अंगूठी व 01 चांदी की अंगूठी निकालकर ले गया। आदि रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 209/2025 धारा 304 (2) बी.एन.एस में दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) द्वारा इस घटना को गंभीरता से लेते हुए ललित किशोर शर्मा-अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) के निर्देशन व बालाराम-सहायक पुलिस आयुक्त अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के निकट सुपरविजन में कृष्ण कुमार यादव पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के नेतृत्व में राजकुमार स.उ.नि., गणेश नारायण हैड कानि. 793, नेमीचन्द हैड कानि. 2101 व लक्ष्मण राम कानि 3393, राघवेन्द्र कानि. 10438, लक्ष्मीनारायण कानि. 9026 को शामिल किया जाकर एक विशेष पुलिस दल गठित किया गया। गठित विशेष पुलिस दल द्वारा अनेको सी.सी. टी.वी कैमरों के फुटेज देखते हुये, सरगर्मी से तलाश करते हुये इस वारदात को अंजाम देने वाले मुल्जिम सत्यम बहरूपिया उर्फ सुबान पुत्र मोहन लाल जाति बहरूपिया उम्र 26 वर्ष निवासी निवासी बाउण्ड्री फूटी कोठी के पास पुलिस थाना द्वारकापुरी इन्दौर मध्यप्रदेश हाल निवासी म.नं. 44, कादरशाह बाबा, झालानी वाले की दरगाह, टोंक रोड़ पुलिस थाना एस.एम.एस. अस्पताल जयपुर को गिरफतार किया जाकर लूट के सभी आभूषणों के अलावा मुल्जिम द्वारा चुराये हुये 03 दुपहिया वाहन व छीने हुये 06 मोबाइल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

# शाकिर भाई को चांदपोल चूड़ी व्यापार मण्डल का अध्यक्ष चुना गया



जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । चांदपोल चूड़ी व्यापार मण्डल जयपुर की ओर से सभी व्यापारियों की सर्व सहमति से शाकिर भाई को चांदपोल चूड़ी व्यापार मण्डल का अध्यक्ष चुना गया है। इस शुभ अवसर पर चूड़ी व्यापार मण्डल के सभी दुकानदारों ने एक साथ शामिल होकर शाकिर भाई को मुबारकबाद दी।


## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# स्वदेशी का नारा देश को आर्थिक कमजोर बना सकता है !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टैरिफ वार के बीच अमेरिका को बड़ा संदेश देते हुए कहा कि हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा । हम संकल्प लें कि "मेक इन इंडिया" को बढ़ावा देंगे । हमारे घर में जो भी सामान आएगा वह स्वदेशी ही होगा। मोदी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारतीय सामान पर 25% टैरिफ लगाने के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में देश भक्ति की भावना भरी हुई है, इसलिए स्वदेशी की बात कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से ही "मेक इन इंडिया" की बात कर रहे हैं । लेकिन "मेक इन इंडिया" नारे से देश को क्या फायदा हुआ यह भी सोचना चाहिए। वैसे स्वदेशी एक दिखावटी एवं राजनीतिक प्रोपेगंडा है। स्वदेशी से देश को कोई फायदा नहीं होने वाला है । स्वदेशी जैसे चुनावी मुद्दों से देश कमजोर होता है । कभी नहीं सुना गया है कि चीन ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए अपनी जनता से कहा है । अमेरिका ने भी स्वदेशी अपनाने के लिए अपनी जनता से कभी नहीं कहा । स्वदेशी देश को बर्बाद करने का रास्ता है। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग देश के नागरिकों में पैदा हो रही प्रतियोगिता के लक्ष्यों को कम करता है । देश के नागरिकों में अच्छी, मजबूत एवं टिकाऊ वस्तुओं, सामान बनाने का हुनर जो विश्व के लोगों में पसंद किए जाते हैं, को भी कमजोर करता है । प्रधानमंत्री जी को देश के युवाओं का आह्वान करना चाहिए कि वे चीन और अमेरिका से बेहतर वस्तुएं बनाएं और नई-नई तकनीक विकसित करें, जिससे विश्व के लोग हमसे खरीदने के लिए मांग करें। जब तक देश के लोगों में प्रतियोगिता की भावना विकसित नहीं होगी और देश के लिए कुछ कर गुजरने की भावना पैदा नहीं होगी, देश आर्थिक तरक्की नहीं कर सकता है । स्वदेशी का सीधा-सा मतलब है अपने देश के लोगों की सोच को सीमित कर देना उन्हें विकास से रोक देना है । चीन ने सस्ता और नया सामान बेचकर विश्व के बाजारों पर अपना प्रभुत्व बढ़ाया जिससे चीन में बेरोजगारी कम हुई । चीन ने अपने युवाओं को प्रतियोगी बनाया, चीन को विश्व का शक्तिशाली देश बनाने की भावना पैदा की। जबकि भारत की लीडरशिप अपने नागरिकों को वस्तुओं के बहिष्कार, स्वदेशी अपनाने जैसी परंपरा सिखा रही है । जबकि होना यह चाहिए कि सरकार स्किल डेवलपमेंट और रिसर्च सेंटर विकसित करके देश के होनहार युवाओं को प्रेरित करे कि वे विश्व में देश को अग्रणी बनाने के लिए नई-नई वैज्ञानिक खोज करके देश को मजबूत बनाएं। लेकिन ग्लोबल मार्केट के इस युग में देश को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की बात की जा रही है, जो देश की आर्थिक तरक्की में रुकावट बन सकती है, देश गरीबी की तरफ अग्रसर हो सकता है।

# शराब: एक ऐसा ज़हर जो दुनिया और आखिरत दोनों को बर्बाद करता है

### -क्या आप जानते हैं कि एक ऐसी चीज़ है जिसने लाखों ज़िंदगियाँ तबाह कर दी हैं?



एक ऐसा नशा जो न सिर्फ़ इंसान की सेहत और समाज को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसकी आख़िरत को भी बर्बाद कर देता है। यह चीज़ है — शराब।

आज शराब को फिल्मों, विज्ञापनों और समाज में इतने हाई स्टैण्डर्ड तरीके से पेश किया जाता है कि लोग इसे अमीरों और कूल लोगों की पहचान समझ बैठते हैं। लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। क्योंकि यही शराब है जिसे अल्लाह तआला ने हराम करार दिया और जिसे शैतानी काम कहा।

**शराब के बारे में कुरआन का हुक्म**

सूरह अल-मायदा (5:90-91) में अल्लाह फरमाते हैं: "ऐ ईमान वालो! शराब, जुआ, बुत, और तीरों से किस्मत निकालना – ये सब शैतान के गंदे काम हैं, इनसे बचो ताकि तुम्हें सफलता मिल सके।"

सूरह अल-बक़रह (2:219) में अल्लाह तआला ने शराब के बारे में फ़रमाया: "उनसे शराब और जुए के बारे में पूछते हैं। कह दो, इनमें बड़ा गुनाह है, और कुछ फ़ायदे भी हैं, मगर इनका गुनाह उनके फ़ायदे से ज़्यादा है।"

**शराब कैसे बनती है और नशा कैसे पैदा होता है?**

शराब सिर्फ़ एक पेय नहीं, बल्कि एक खतरनाक केमिकल प्रोसेस का नतीजा है।

हदीस से सबूत: रसूलुल्लाह □ के लिए किशमिश को पानी में भिगोया जाता था, जिसे "नबीज़" कहते हैं। आप □ उसे तीन दिन तक पीते थे, उसके बाद या तो किसी को पिला देते थे या फेंक देते थे।

क्यों?

क्योंकि 3 दिन के बाद जब फल की शुगर अधिक हो जाती है, तो उस पर एक सूक्ष्म जीव — यीस्ट (खमीर) हमला करता है।

यीस्ट जब फल की शुगर को खाता है, तो उसके दो नतीजे निकलते हैं: कार्बन डाई ऑक्साइड, अल्कोहल (शराब)

यही प्रोसेस किसी भी शराब को बनाता है। यह वो बुनियादी केमिस्ट्री है जो फल को नशा बनाने वाली चीज़ में तब्दील कर देती है।

**शराब शरीर पर क्या असर डालती है?**

दिमाग पर असर:

शराब खून में मिलकर दिमाग तक सबसे पहले पहुंचती है।

दिमाग में दो तरह के केमिकल मैसेंजर होते हैं: एक्टिव करने वाले (जैसे Glutamate), धीमा करने वाले (जैसे GABA)

शराब इन दोनों सिस्टम्स को उल्टा कर देती है, जिससे इंसान को नशा, शांति और बेहोशी सी महसूस होती है — मगर यह एक झूठा और खतरनाक सुकून होता है।

नतीजे: याद्दाश्त कमजोर होना, गुस्से पर काबू न रहना, उदासी और डिप्रेशन, फैसले लेने की ताकत का खत्म हो जाना

**शराब लीवर को कैसे बर्बाद करती है?**

लीवर पर शराब का असर चार खतरनाक चरणों में होता है: Fatty Liver (चर्बी जमा होना), Hepatitis (सूजन आना), Fibrosis (ज़ख्म पड़ना), Cirrhosis (लीवर सख्त और नाकाम होना)

यदि इंसान पहले चरण में शराब छोड़ दे, तो ठीक हो सकता है। लेकिन आख़िरी चरण तक जाते-जाते इंसान को अस्पताल और भारी बिल दोनों का सामना करना पड़ता है।

WHO की रिपोर्ट के अनुसार: "चाहे आप एक घूंट ही पिएं, नुक़सान उसी वक़्त शुरू हो जाता है।"

**आखिरत में शराब का अंजाम**

हदीस (इब्न माजा: 3381) में रसूलुल्लाह □ ने फ़रमाया: "अल्लाह ने शराब पर, शराब निकालने वाले पर, उसे निचोड़ने वाले पर, पीने वाले पर, पिलाने वाले पर, बेचने वाले पर, खरीदने वाले पर, उसे ढोने वाले पर और जिसको उठाकर दी जाए — उन सब पर लानत भेजी है।"

एक और हदीस (इब्न माजा: 3371):

**"शराब तमाम बुराइयों की जड़ (माँ) है।"**

रिपोर्ट्स बताती हैं कि 50% अपराधों के पीछे या तो शराब या कोई और नशे की चीज़ होती है। इसमें हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा और दुर्घटनाएं शामिल हैं।

**शराब से कैसे छुटकारा पाएं?**

ईमान मज़बूत करें: अल्लाह के वादों और उसकी मनाही पर यकीन रखें।

मानें कि यह बीमारी है: इलाज के लिए पहले बीमारी को बीमारी मानना ज़रूरी है।

सरकारी मदद लें: भारत सरकार की नशामुक्ति हेल्पलाइन पर कॉल करें —14446

शराब एक ऐसी चीज़ है जो देखने में तो चमकदार लगती है, लेकिन असल में यह इंसान को जमीन से उठा कर कब्र तक ले जाती है — और वहाँ से जहन्नम के रास्ते पर भी डाल देती है।

"शराब से बचिए, और दूसरों को भी बचाइए — क्योंकि यही वह ज़हर है जो ना सिर्फ़ आपकी सेहत, बल्कि आपकी रूह और आख़िरत को भी तबाह कर देता है।"

**मुहम्मद सोहैल**

# धर्मों का ध्रुवीकरण: देश के लिए घातक



वर्तमान में विघटनकारी ताकतों के हौंसले बढ़ते जा रहे हैं। जहाँ कहीं भी बात करो, यही सुनने में आता है कि 'कॉंग्रेस के राज में मुस्लिमों को बहुत बढ़ावा दिया गया, हिन्दओं को दबाया गया, अब अगर कॉंग्रेस की सरकारें आ गईं तो हिन्दओं की खैर नहीं। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में हिन्द जमीन-जायदाद, मकान-दुकान बेचकर जा रहे हैं मुस्लिम इलाकों में हिन्दओं की बहु-बेटियों का बाहर निकलना मुश्किल है, आदि।' यह सब नासमझ और तथ्यों से अनभिज्ञ जनता को भयभीत और अमित करना मात्र है। आज मीडिया इतना सशक्त है कि राई के बराबर घटना को भी पहाड़ बना कर पेश करता है। कहीं भी उपरोक्त जैसी कोई वारदात हो तो क्या मीडिया से छुपी रह सकती थी ? हाल-फिलहाल ऐसी कोई घटना कहीं की भी नजर नहीं आई कि भारत में अमुक स्थान पर मुस्लिम बहुल इलाके में हिन्दओं को मुस्लिमों द्वारा भयभीत किया जा रहा हो, हिन्द जमीन-जायदाद बेच कर जा रहे हों, हिन्दओं को कत्ल किया जा रहा हो या उनके आसपास माँस आदि फेंका जा रहा हो। वास्तविकता तो यह है कि धीरे-धीरे भारत का हिन्दकरण होता जा रहा है जो कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी भाजपा और आरएसएस का चिर-परिचित एजेण्डा रहा है। हर कार्यक्रम में हिन्द रीति-रिवाज़ शामिल किए जा रहे हैं और सरकारी कार्यक्रमों में भी हवन-पूजन, मन्त्रोच्चारण देवी-देवताओं के पूजा-पाठ शामिल होते जा रहे हैं। पाठ्यक्रमों को अपनी विचारधारा ने अनुरूप ढाला जा रहा है, जो कि देश के इतिहास से खिलवाड़ करना है। बड़े ही सुनियोजित तरीके से 'हिन्द यानि भारत और भारत यानि हिन्द स्थापित किया जा रहा है। कोई मुस्लिम स्कूल में नमाज़ पढ़ लेता है, तो बवाल हो जाता है (ब्यावर, राजस्थान सितम्बर 2024), उसे सस्पेण्ड कर दिया जाता है, लेकिन सरकारी पार्कों में मन्दिर बनाने और दफ्तरों में पूजा-पाठ करने पर कोई रोक-टोक नहीं है। यह सरकार की दोहरी नीति ही है। देश के निर्माण में अन्य धर्मावलम्बियों के योगदान को कमजोर किया जा रहा है। क्या इस देश के विकास में अन्य धर्मों का योगदान नहीं रहा? मेरे विचार से तो अकेले मुस्लिमों का आजादी में योगदान उन लोगों से अधिक रहा है जो वर्तमान में देशभक्ति का दम भरते हैं, जिनके पूर्वज अँग्रेजों से राय साहब, राय बहादुर, हिज हाइनेस, सर, राजा साहब, हिज मैजेस्टी, खान साहब, खान बहादुर और न जाने क्या-क्या उपाधियों को लिए फिरते थे और अँग्रेजों के लिए मुखबिर का काम करते थे।

आजकल पूर्णतः राजकीय और केन्द्रीय कर्मचारियों के अलावा अन्य कर्मचारियों की सबसे बड़ी समस्या पेंशन की है। यह सर्वविदित है कि अटल बिहारी वाजपेयी की भाजपा सरकार ने 2004 पहली बार एनपीएस लागू की थी। इसके बाद निर्बाध रूप से कॉंग्रेस की सरकारें चलीं, लेकिन यह योजना नहीं बदली गई। बाद में मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं देगी। इतना स्पष्ट होने के बावजूद भी बाद में दो बार वही सरकार चुनी जाती है तो यह कर्मचारियों का दुर्भाग्य ही है। हिन्द, खासकर संघ से जुड़े कर्मचारियों ने दो-दो बार भाजपा को बहुमत से जिताया, जिसका परिणाम यह है कि कर्मचारी अपने भविष्य को असुरक्षित मान रहे हैं। आप स्वयं वोट देकर ऐसी सरकार को चुनते हैं जो आपके लिए ही नुकसानदायक हो तो दोष किसे दें? "आयेगा तो मोदी ही" खूब नारा लगाते थे लोग। अब मोदी आ गये हैं, लेकिन पेंशन बहाली के कोई संकेत नहीं हैं और लोग समय के साथ रिटायर होते जा रहे हैं। कुछ तो इन्तजार करते-करते मृत्यु को भी प्राप्त हो गये हैं। अब पेंशन नहीं मिल रही है तो क्यों दुखी हैं? जीवन-यापन का सहारा भले ही समाप्त हो जाये, पर हिन्द राज्य स्थपित होना चाहिए। आज ध्रुवीकृत हिन्दओं का यही लक्ष्य है। हाल ही में कन्हैया लाल हत्याकाण्ड (उदयपुर) के तीन साल पूरे हुए। टी वी चैनल दिन भर इससे सम्बन्धित सामग्री बदल-बदल कर दिखाते रहे। कन्हैया लाल हत्याकाण्ड की जांच शीघ्र पूरी हो और दोषियों को कानून के अनुसार कठोरतम दण्ड मिले, हम यही कामना करते हैं। इस घटना के कुछ समय बाद ही 20 जुलाई 2022 को जालौर जिले के सायला उपखण्ड के सुराणा गाँव में एक 9 साल के बालक इन्द्रकुमार मेघवाल ने स्कूल में पानी की मटकी छू दी थी। उसके अध्यापक छैलसिंह राजपूत ने उसके कान पर डण्डे से इतना मारा कि नस फटने से 22 अगस्त 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। हमारा पूछना यह है कि हिन्दओं का खून तभी क्यों खोलता है जब मामला हिन्द-मुस्लिम का होता है ? इन्द्रकुमार मेघवाल क्या हिन्द नहीं था ? क्या उसकी निर्ममता पूर्वक हत्या नहीं हुई थी ? इस मामले में किसी भी हिन्द संगठन द्वारा आरोपी को सजा दिलवाने की मांग क्यों नहीं की गई? राजपूत होने के कारण उसके खिलाफ कोई भी संगठन क्यों नहीं उतरा? अगर उसके स्थान पर कोई मुस्लिम अध्यापक होता तो हिन्दवादी संगठन क्या इसी प्रकार चुप बैठते? एक पक्ष दलित और दूसरा पक्ष सवर्ण होने पर इनको साँप क्यों सूंघ जाता है? अध्यापक छैलसिंह के दो अपराध साफ नजर आ रहे हैं- एक तो अध्यापक होकर भी उसने न केवल छुआछूत की, बल्कि छात्र को निर्ममता पूर्वक मारा। दूसरा, उसकी मार के कारण छात्र की मौत हो गई। इतना होने के बावजूद भी हिन्दओं की एकता का ढिंढोरा पीटने वाले संगठन मौन रहे, इसे क्या कहा जाये? धर्मों का ध्रुवीकरण सवर्ण हिन्दओं और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए फायदेमन्द हो सकता है, लेकिन अन्ततः पूरे देश के लिए यह घातक है। चुन-चुन कर मुस्लिम काल में बनाई गईं इमारतें निशाने पर ली जा रही हैं। मुम्बई में एक जैन मन्दिर भी तोड़ा गया। कहा गया कि यह मन्दिर अवैध था। लेकिन लगभग हर पार्क में या सड़क पर सड़क के किनारे देश भर में लाखों मन्दिर बने हुए हैं, जिनको कोई कुछ नहीं कहता और न ही उन पर कोई कार्रवाही होती है। क्या ये सब किसी को नहीं दिखते हैं? यदि दिखते हैं तो इन पर कार्रवाही क्यों नहीं होती है? याद रखें, आज नहीं तो कल, नम्बर सबका आना है, अतः कोई इस मुगालते में नहीं रहे कि हम बच जायेंगे। दलितों पर पुरानी वर्जनाएं फिर लादी जा सकती हैं। अच्छे दिन आते देर नहीं लगेगी।

**- डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा भीलवाड़ा**

# स्कूल भवन सुरक्षित होंगे तभी शिक्षण व्यवस्था और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहेगा

विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है, जहाँ बच्चों का भविष्य गढ़ा जाता है। लेकिन यदि यह मंदिर ही असुरक्षित हो, तो वहाँ शिक्षा का उजाला कैसे फैलेगा? एक सुरक्षित स्कूल भवन न केवल छात्रों और शिक्षकों की भौतिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि एक सकारात्मक और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण भी प्रदान करता है। इसीलिए यह कहना बिल्कुल उपयुक्त है कि — "स्कूल भवन सुरक्षित होंगे तभी तो शिक्षण व्यवस्था सही रहेगी।"

**सुरक्षा का मतलब केवल दीवारें नहीं**

सुरक्षित स्कूल भवन का तात्पर्य केवल मजबूत दीवारें या छतों से नहीं है। इसका अर्थ है एक ऐसा ढांचा, जो भूकंप, आग, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित हो, जहाँ बिजली, जल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त और मानकों के अनुसार हों।सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति के लिए कोई एक कारण नहीं, बल्कि कई कारण ज़िम्मेदार है पर्याप्त बजट का अभाव, निर्णय लेने में देरी, नौकरशाही आदि तो है ही ।

**मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव**

अगर स्कूल भवन जर्जर हो, या वहां बिजली के तार खुले हों, शौचालय अस्वच्छ हों या बैठने की जगह अपर्याप्त हो, तो बच्चे न केवल असुविधा महसूस करते हैं, बल्कि उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। इससे उनकी एकाग्रता में कमी आती है और पढ़ाई बाधित होती है।

**शिक्षकों के लिए भी आवश्यक**

सिर्फ छात्रों के लिए ही नहीं, शिक्षकों के लिए भी एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित स्कूल भवन आवश्यक है। जब शिक्षक स्वयं सुरक्षित और संतुष्ट होते हैं, तभी वे बेहतर ढंग से पढ़ा सकते हैं और एक सकारात्मक वातावरण बना सकते हैं।

**सरकारी योजनाओं की भूमिका**

भारत सरकार और राज्य सरकारों ने स्कूल भवनों की सुरक्षा को लेकर कई योजनाएँ शुरू की हैं, जैसे सर्व शिक्षा अभियान, समग्र शिक्षा अभियान आदि। इन योजनाओं का उद्देश्य स्कूलों को आधारभूत संरचना प्रदान करना और उन्हें आधुनिक संसाधनों से लैस करना है। परंतु इन योजनाओं का प्रभाव तभी दिखेगा जब जमीनी स्तर पर इनका सही तरीके से क्रियान्वयन होगा।

**समाज की जिम्मेदारी**

विद्यालय केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का भी उत्तरदायित्व है। स्थानीय पंचायतें, समाजसेवी संस्थाएँ, अभिभावक संघ — सभी को मिलकर यह देखना चाहिए कि उनके क्षेत्र के विद्यालय सुरक्षित, स्वच्छ और शिक्षा के योग्य हों।जिस तरह भामाशाह मंदिर और मस्जिद में सुंदरता के लिए लाखो रुपए खर्च किए जाते हैं उसी प्रकार इन स्कूलों के बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए भी सहयोग किया जाना चाहिए

शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, स्थिर और समर्पित वातावरण प्रदान करना भी है जिसमें बच्चा आत्मविश्वास के साथ बढ़ सके। यदि स्कूल भवन ही असुरक्षित होंगे, तो न तो शिक्षा दी जा सकती है, न ही ली जा सकती है। अतः यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने देश के प्रत्येक विद्यालय को न केवल शिक्षा का केंद्र बनाएं, बल्कि सुरक्षा का प्रतीक भी बनाएं।

**डॉ. जमील काज़मी, लेखक मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी, जोधपुर के वाईस चांसलर है**

# माँ की ख़िदमत



प्यारे दोस्तों! बहुत वक़्त पहले की बात है। किसी जगह हुज़ैल नाम का एक लड़का रहता था। उसकी माँ बहुत ही नेक और परहेज़गार थीं। उनका नाम हफ़्ज़ा बिन्ते सीरिन था।

सर्दियों का मौसम था। ठंड इतनी ज़्यादा थी कि हाथ-पाँव जम रहे थे। रात का वक़्त था और हुज़ैल की माँ हफ़्ज़ा अल्लाह की इबादत में मशग़ूल थीं।

हुज़ैल ने सोचा, "आज तो ठंड बहुत है, माँ के हाथ-पाँव ठंड से काँप रहे होंगे। क्यों न मैं एक अंगीठी जला कर माँ के पास रख दूँ ताकि वह अपने हाथ-पाँव सेंक लें।"

यह ख़्याल दिल में आते ही हुज़ैल फ़ौरन उठ खड़ा हुआ। उसने अंगीठी में आग जलाई और उसे लेकर माँ के पास पहुँचा।

माँ ने हैरानी से पूछा:

"बेटे, अंगीठी किसलिए लाए हो?"

बेटे ने अदब से जवाब दिया:

"अम्मी! आज ठंड बहुत ज़्यादा है। मैंने सोचा आपके हाथ-पाँव ठंड से काँप रहे होंगे, इसलिए अंगीठी लाया हूँ ताकि आप अपने हाथ-पाँव सेंक लें।"

यह बात सुनकर माँ बहुत खुश हुईं और अपने बेटे को दिल से दुआएँ दीं।

उसके बाद जब भी सर्द रात होती, हुज़ैल अंगीठी लेकर अपनी माँ के पास पहुँच जाता और कुछ देर वहीं बैठकर धुएँ को दूसरी तरफ़ करता रहता ताकि माँ को धुएँ से तकलीफ़ न हो।

देखा आपने! हुज़ैल कितना नेक और फ़रमाँबरदार बेटा था।

इस वाक़िये से हमें यह सबक मिलता है कि हमें भी अपने माँ-बाप की ख़िदमत करनी चाहिए, उन्हें तकलीफ़ नहीं देनी चाहिए। क्योंकि माँ के पैरों के नीचे जन्नत है और बाप जन्नत का दरवाज़ा।

अल्लाह तआला हम सबको अपने वालिदैन की ख़िदमत करने की तौफ़ीक़ दे। माँ इस दुनिया में अल्लाह की दी हुई सबसे बड़ी नेमत है। माँ की मोहब्बत बेज़बान होती है, मगर उसका असर पूरी ज़िंदगी पर रहता है। माँ दिन-रात अपने बच्चों की फ़िक्र करती है, उन्हें पालती-पोसती है, अपनी नींद, आराम और ज़रूरतों को भुलाकर सिर्फ़ अपने बच्चों के लिए जीती है।

एक सच्चा मुसलमान वही है जो अपने माँ-बाप की इज़्ज़त करे, उनकी सेवा करे और उन्हें किसी भी तरह की तकलीफ़ न दे। इस्लाम में माँ की ख़िदमत को जन्नत पाने का ज़रिया बताया गया है। हदीस में आता है कि "माँ के क़दमों के नीचे जन्नत है।" इसका मतलब ये है कि अगर कोई इंसान अपनी माँ की दिल से सेवा करता है, उसे खुश रखता है, तो अल्लाह उसे दुनिया और आख़िरत दोनों में कामयाबी अता करता है। हमारे बुज़ुर्गों की ज़िंदगी से हमें कई ऐसे वाक़ियात मिलते हैं जहाँ बेटों ने माँ-बाप की ख़िदमत करके अल्लाह की ख़ुशनूदी हासिल की। जैसे कि एक बार हुज़ैल नाम का लड़का सर्द रात में उठकर अपनी माँ के पास अंगीठी लेकर गया ताकि उन्हें ठंड न लगे। ये छोटा सा अमल माँ के लिए सुकून और बेटे के लिए जन्नत का ज़रिया बन गया।

आमीन।

# एक डाकू का वाक़िया

अल्लाह तआला ने क़ुरआन मजीद में अपने बंदों से फरमाया है कि हमसे रोजी कमाना नहीं चाहते, रोजी तो हम तुमको देंगे। अल्लाह सिर्फ इंसानों की ही नहीं बल्कि तमाम जानदारों का रिज़क का ज़िम्मा अल्लाह का ही है, वह ऐसे तरीकों और जरिए से अपनी पैदा करदा मखलूक को रिज़क पहुंचाता है कि इंसान उसको देखकर हैरत में पड़ जाता है और अल्लाह तआला की अपनी मखलूक से जो मोहब्बत है उसका एतराफ (माने) किए बगैर नहीं रह सकता है।

"गुलिस्तान-ए-कनाअत" ऐसा ही एक डाकू का वाक़िया लिखा गया है कि कौम कुर्द का एक शख्स कहता है कि मैं पहले डाकू था। एक बार मैं अपने रूफ़का (साथियों) के साथ रास्ते पर बैठा था कि किसी काफिले को लूट लें। वहां पर खजूर के तीन पेड़ थे। एक पेड़ पर फल नहीं था। डाकू ने देखा कि जिस दरख्त पर फल था उससे एक चिड़िया खजूर एक-एक दाना लेकर उस दरख्त पर ले जाती है जिस पर फल न था, उस चिड़िया ने 10 मर्तबा (बार) ऐसा किया।

वह डाकू फल से खाली दरख्त पर चढ़ा तो देखा कि उस पर एक अंधा सांप है और यह चिड़िया उसके मुंह में खजूर के दाने रखती जा रही है और उसे खिलाती जा रही है। डाकू यह मंजर देखकर रोने लगा और कहने लगा "ए मेरे आका यह सांप है जिसके बारे में नबी स. अ. ने कत्ल का हुक्म दिया है। लेकिन जब आपने उसे अंधा किया है तो एक चिड़िया को आपने उसको रिज़क पहुंचाने के लिए मुकर्रर फरमा दिया।

मैं (डाकू) आपका बन्दा हूं। आपकी खुदाई का मोतारफ (इकरार करने वाला) हूं। मुझे आपने रास्तों पर बैठकर मुसाफिरों को लूटने और रास्तों पर मुसाफिरों को डराने धमकाने के लिए मुकर्रर कर दिया है। इसके बाद डाकू के दिल में इलक़ा (गैब से कोई बात दिल में आना) हुआ कि ए बंदे ! तौबा का दरवाजा खुला है। उस डाकू ने अपनी तलवार तोड़ दी और अपने सिर पर मिट्टी डाली और चीखने लगा और बोला "ए अल्लाह ! मुझे माफ फरमा दे। ए अल्लाह ! मुझे माफ फरमा दे"। बस अचानक एक फरिश्ते की गैब से आवाज आई (अल्लाह की तरफ से) कि हमने तुझे माफ कर दिया।

डाकू अपने रूफ़का (साथियों) के पास आया और उन्हें सारा किस्सा सुनाया और कहा "मैं पहले अल्लाह तआला से कटा हुआ और दूर था। लेकिन अब मैंने तौबा करके अल्लाह तआला से सुलह कर ली है"। तमाम रूफ़का (साथी) कहने लगे कि आपके साथ ही हम भी अपने रब से सुलह करते हैं और इस काम से तौबा करते हैं। फिर सब डाकुओं ने अपने ज़ाईद कपड़े फैंक दिये और हथियार भी छोड़ दिए और एहराम हज बांधकर मक्का मुनव्वरा के लिए रवाना हो गए। हम तीन दिन जंगल में सफर करते रहे। फिर एक बस्ती पहुंचे। बस्ती में एक नाबीना (अंधी) बूढ़ी औरत के पास से उनका गुज़र हुआ। उसने हमसे पूछा कि तुम में फलां कुर्दी शख्स (डाकू) मौजूद है क्या ? हमने कहा- हां। उस बुढ़िया ने अपने सामान से कपड़े निकाले और कहा कि मेरा बेटा मर गया है और यह सब कपड़े उसके हैं। बुढ़िया कपड़े देते हुए बोली कि मैंने मुसलसल (लगातार) तीन रात नबी स. अ. की ख्वाब में जियारत की। नबी स. अ. ने बार-बार मुझे फ़रमाया कि यह कपड़े कबीला कुर्द के फलां आदमी (डाकू) को दे दो। हमने कपड़े लिए और मैंने और मेरे साथियों ने पहन लिए और हम मक्का मुनव्वरा की तरफ रवाना हो गए और ब आफियत मक्का मुनव्वरा पहुंचे।

इस वाकिये से हमको यह सबक मिलता है कि रिज़क का देने वाला सिर्फ अल्लाह है, उसके सिवा कोई दूसरी हस्ती नहीं जो अल्लाह अपने दुश्मनों यानि कुफ्फार को रिज़क देता है। वोह अपने दोस्तों यानि मोमिनों जो उस पर रखते हैं जैसाकि वोह अपने नामों व सिफ्तों के साथ और जिन्होंने उसके तमाम एहकाम कबूल किए हैं, उन्हें कैसे फरामोश (भूल) कर सकता है। अल्लाह हम सबको गैब से रिज़क अता फरमाए और ज्यादा से ज्यादा उसके एहकाम जो क़ुरआन और अहादीस के जरिए हम तक पहुंचे हैं, उन पर अमल करने की तौफीक अता फरमाए।

आमीन !

**-हबीबुल्ला एडवोकेट, जवाहर नगर जयपुर**

# BSF में constable के 3588 पदों पर भर्ती; 10वीं पास करें अप्लाई

बॉर्डर सिक्योटरिटी फोर्स यानी BSF में constable ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती निकली है। इसके लिए डिटेल्डस नोटिफिकेशन ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जारी किया गया है। इन भर्ती के लिए आवेदन आज 25 जुलाई से शुरू हो गए हैं। जो उम्मी.दवार इस भर्ती के लिए योग्यभ और इच्छुहक हैं, वे फौरन पूरी जानकारी चेक करें और ऑनलाइन आवेदन दर्ज करें।

**आवेदन शुरू :**
25 जुलाई से 25 अगस्त 2025 तक

**वैकेंसी डिटेल्सर :**
पुरुष - 3406 पद
महिला - 182 पद
कुल - 3588 पद

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
कैंडिडेट को 10वीं पास होना चाहिए।
संबंधित ट्रेड में ITI सर्टिफिकेट होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
अनारक्षित कैटेगरी के उम्मीदवारों की उम्र 18 से 25 साल के बीच होनी चाहिए।
OBC कैंडिडेट्स को अधिकतम आयु में 3 साल की छूट मिलेगी।
SC/ST कैंडिडेट्स को अधिकतम आयु में 5 साल की छूट मिलेगी।

**सिलेक्शिन प्रोसेस :**
सिलेक्शिन प्रोसेस के 4 फेज हैं -
1. फिजिकल टेस्ट्
पुरुष कैंडिडेट्स को 5 किमी की दौड़ 24 मिनट में पूरी करनी होगी। महिला कैंडिडेट्स को 1.6 किमी की दौड़ 8.30 मिनट में पूरी करनी होगी।
फिजिकल टेस्ट केवल क्वालिफाइंग नेचर का होगा।
2. लिखित परीक्षा
कैंडिडेट्स को 100 सवालों की ऑब्जेक्टिव टाइप परीक्षा से गुजरना होगा। परीक्षा ऑनलाइन यानी CBT मोड में होगी। इसके लिए कुल 2 घंटे का समय मिलेगा।
3. डॉक्यूइमेंट्स वेरिफिकेशन
कैंडिडेट्स को अपने सभी ओरिजिनल डॉक्यूशमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए फिजिकली उपस्थित करने होंगे।
4. ट्रेड टेस्टस
जिस ट्रेड के लिए अप्ला ई करेंगे, उससे संबंधित टेस्ट होगा। जैसे- टेलर, वॉशरमैन, स्वीडपर के लिए ट्रेड टेस्ट् आयोजित किया जाएगा।

**फीस :**
जनरल/OBC/EWS : 100 रुपए
SC/ST/महिला : निशुल्कए

**सैलरी :**
चयनित कैंडिडेट्स को 21,700 से लेकर 69,100 रुपए तक प्रतिमाह सैलरी मिलेगी।

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाएं।
constable ट्रेड्समैन भर्ती के लिंक पर क्लिक करें।
बेसिक जानकारियां भरकर सब्मिट करें और डॉक्यू मेंट्स अपलोड करें।
फीस जमा करके फाइनल सब्मिट कर दें।

# इंडियन बैंक में अप्रेंटिस के 1500 पदों पर भर्ती

इंडियन बैंक में अप्रेंटिस के 1500 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑनलाइन मोड में ऑफिशियल वेबसाइट indianbank.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यह ट्रेनिंग एक साल के लिए दी जाएगी। उम्मीदवारों के लिए NATS 2.0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा।

**आवेदन शुरू :**
18 जुलाई से 7 अगस्त 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
ग्रेजुएशन की डिग्री

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 20 साल
अधिकतम : 28 साल
आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**स्टाइपेंड :**
मेट्रो/अर्बन ब्रांच में : 15000 रुपए
रूरल/सेमी ब्रांच : 12000 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
ऑनलाइन टेस्ट
लोकल लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी टेस्ट

**फीस :**
सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 800 रुपए
एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी : 175 रुपए

**एग्जाम पैटर्न :**
ऑनलाइन परीक्षा में कुल 100 प्रश्न होंगे।
इनके लिए अधिकतम 100 अंक तय किए गए हैं।
एग्जाम में तर्क योग्यता से 15 प्रश्न (15 अंक), कंप्यूटर ज्ञान से 10 प्रश्न (10 अंक), अंग्रेजी भाषा से 25 प्रश्न (25 अंक), क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड से 25 प्रश्न (25 अंक), और सामान्य जागरूकता (विशेष रूप से बैंकिंग उद्योग से संबंधित) से 25 प्रश्न (25 अंक) पूछे जाएंगे।
हर गलत उत्तर पर 1/4 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी।

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट indianbank.in पर जाएं।
मेन्यू पर "करियर" विकल्प चुनें।
ऑनलाइन अप्लाई लिंक पर क्लिक करें।
मांगे गए डिटेल्स दर्ज करें।
रजिस्ट्रेशन करके लॉग इन करें।
डॉक्यूमेंट्स अपलोड करके फीस जमा करें।
फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।


## आवश्यकता

हेल्पर स्टाफ की जरूरत है जिन्हें लोहे का काम आता हो या पावर प्रेस का काम आता हो कांटेक्ट करें: +919001876353 सैलरी काम देखने के बाद में डिसाइड की जाएगी ! इदरीश अहमद साहब ईदगाह दिल्ली रोड जयपुर

हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री के लिए हैंडीक्राफ्ट कर्मी ( हैंडीक्राफ्ट आर्टिस्ट ) की जरूरत है जिनको हैंडीक्राफ्ट का पूरा काम आता हो! सैलरी : ₹ 20K से ₹30,000 तक @ HR इरफान अख्तर 9828733222

वॉटर R O और एयर कंडीशनर इंस्टॉलेशन / के लिए स्टाफ की जरूरत है जिस स्टाफ को काम आता है वहीं स्टाफ अप्लाई करें जॉब लोकेशन : सोडाला, सी स्कीम जयपुर सैलरी : 16 से ₹25,000 तक कॉल @ HR इरफान अख्तर 9828 733 222

ज्वेलरी केड डिजाइनर डिजाइनर टीचर की जरूरत है : स्टाफ चाहे तो पार्ट टाइम या फुल टाइम दोनों ही कर सकते हैं जॉब लोकेशन : चार दरवाजा & आदर्श नगर Call at HR 98287-33222

राजा पार्क में Alibaba.com Executive और फोटोग्राफर की जरूरत है ! जॉब लोकेशन : राजा पार्क कांटेक्ट करें! 9828733222

Need A Digital Marketing Expert Staff ( SEO + Google + Meta Ads + Shopify + Wordpress ) Salary 35K to 50K At Tonk Road - Jaipur HR @ 98287-33222 Limra Foundation

## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र को अपने दैनिक एवं साप्ताहिक समाचार पत्र के लिए 5 रिपोर्टर्स एवं 2 विज्ञापन लाने के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की शीघ्र आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार, अनुभवी को प्राथमिकता। इंटर्नशिप करने के इच्छुक भी संपर्क कर सकते हैं।
इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र संपर्क करें -
**रॉयल पत्रिका**
मस्जिद शेखान के सामने, शिकारियों का खुर्रा, घोड़ा निकास रोड, रामगंज बाज़ार, जयपुर- 302002 मो.9772552446


# RSSB लैब अटेंडेंट भर्ती 2025 - 54 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) ने लैब अटेंडेंट के 54 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अन्य योग्यता वाले उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन 11-07-2025 से शुरू होकर 09-08-2025 तक चलेगा। उम्मीदवार RSSB की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
11 जुलाई से 09 अगस्त 2025 तक

**योग्यता**
लैब अटेंडेंट की इस नई भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से सैकेण्डरी (10वीं) या इसके समकक्ष परीक्षा में पास होना चाहिए। इसके अलावा उम्मीदवारों को देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी में कार्य करने का ज्ञान एंव राजस्थान की संस्कृति की नॉलेज होनी भी जरूरी है। अन्य योग्यताओं में अभ्यर्थी को अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए।

**एज लिमिट**
आयुसीमा-1 जनवरी 2026 को अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष पूरी होनी चाहिए। वहीं अधिकतम उम्र 40 वर्ष पूरी नहीं की हो। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार ऊपरी उम्र में छूट मिलेगी।

**सैलरी-**
लैब अटेंडेंट के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को राज्य सरकार द्वारा सातवें वेतनमान के अनुसार पे मैट्रिक्स लेवल-1 के मुताबिक सैलरी दी जाएगी। परिवीक्षा काल में मासिक नियत पारिश्रामिक राज्य सरकार के आदेशानुसार देय होगा।

**चयन प्रक्रिया-**
लिखित परीक्षा, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल आदि चरणों के जरिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क-**
इस भर्ती का फॉर्म भरने के लिए उम्मीदवारों को सामान्य वर्ग व क्रीमीलेयर के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 600 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। वहीं ओबीसी/अति पिछड़ा वर्ग और ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को 400 रुपये एप्लीकेशन फीस देनी होगी। सभी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को 400 रुपये का भुगतान करना होगा।
आवेदन समाप्त होने के बाद बोर्ड द्वारा इन पदों पर लिखित परीक्षा की तारीखें घोषित की जाएगी। राजस्थान की इस भर्ती से जुड़ी अन्य किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट विजिट कर सकते हैं।

# हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में 588 पदों पर भर्ती

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने 588 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवारों को अपना आवेदन गुगल फॉर्म के जरिए NAPS पोर्टल पर सब्मिट करना होगा।
इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस, डिप्लोमा और नॉन टेक्निकल ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 10 अगस्त तय की गई है। वहीं आईटीआई अप्रेंटिस के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 2 सितंबर तय की गई है।

**आवेदन शुरू :**
16 जुलाई से 02 सितंबर 2025 तक

**वैकेंसी डिटेल्स :**
ग्रेजुएट अप्रेंटिस : 130 पद
डिप्लोमा अप्रेंटिस : 60 पद
नॉन-टेक्निकल अप्रेंटिस : 88 पद
आईटीआई ट्रेड अप्रेंटिस : 310 पद
कुल पदों की संख्या : 588

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा, डिग्री या आईटीआई की डिग्री

**एज लिमिट :**
हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड नियमों के अनुसार

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
मेरिट बेसिस पर
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल फिटनेस
पुलिस वेरिफिकेशन

**स्टाइपेंड :**
ग्रेजुएट अप्रेंटिस : 9,000 रुपए प्रति माह
डिप्लोमा अप्रेंटिस : 8,000 रुपए प्रति माह
2 वर्षीय ट्रेड आईटीआई अप्रेंटिस : 8,050 रुपए प्रतिमाह
1 वर्षीय ट्रेड आईटीआई अप्रेंटिस : 7,700 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
NAPS पोर्टल apprenticeshipindia.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करें।
जरूरी डिटेल्स के साथ गूगल फॉर्म भरें।
NAPS पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल कंप्लीट करें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

# IBPS क्लर्क भर्ती का शॉर्ट नोटिस जारी; 01 अगस्त से आवेदन शुरू

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्श।न यानी IBPS ने क्लथर्क कैडर में कस्टईमर सर्विस एसोसिएट्स की भर्ती का शॉर्ट नोटिस जारी किया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन का लिंक 1 अगस्त से लाइव होगा। भर्ती का डिटेल्डस नोटिफिकेशन भी इसी दिन वेबसाइट पर जारी हो सकता है। कैंडिडेट्स ibps.in पर नोटिफिकेशन चेक कर सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू :**
01 अगस्त से 21 अगस्त 2025 तक

**वैकेंसी डीटेल्से :**
इस भर्ती के माध्य म से कस्टामर सर्विस एसोसिएट के पद भरे जाएंगे।
रिक्तितयों की संख्यास डिटेल्डर नोटिफिकेशन में जारी की जाएगी।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
किसी भी स्ट्रीयम से ग्रेजुएशन की डिग्री हो।
कम्प्यूभी टर नॉलेज का सर्टिफिकेट, डिप्लोशमा, डिग्री हो।

**एज लिमिट :**
20 साल से 28 साल तक के उम्मी।दवार इस भर्ती के लिए अप्लागई कर सकते हैं।

**सैलरी :**
सैलरी की जानकारी डिटेल्ड2 नोटिफिकेशन में जारी की जाएगी।

**फीस :**
जनरल/OBC/EWS के लिए - 850 रुपए
SC/ST/PH के लिए - 175 रुपए

**आवेदन करने का तरीका :**
ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।
होमपेज पर IBPS Clerk 15th भर्ती लिंक पर क्लिक करें।
अपनी जानकारी के साथ रजिस्ट्रेशन करें।
डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और फीस जमा करें।
भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंट आउट ले लें।

# राजस्थान में AEE के 281 पदों पर भर्ती

राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन (RPSC) की ओर से असिस्टेंट एग्रीकल्चर इंजीनियर (AAE) के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार आरपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
28 जुलाई से 26 अगस्त 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की हो।
देवनागरी लिपि में हिन्दी का ज्ञान।
राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 20 वर्ष
अधिकतम : 40 वर्ष

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
मेरिट बेसिस पर

**सैलरी :**
पे मैट्रिक्स लेवल – 14 के अनुसार

**ऐसे करें आवेदन :**
आयोग की वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाएं।

# प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें?

## (रणनीति)

**(पिछले अंक से जारी)**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी**

41.चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग कब हुई थी?
(a) 23 अगस्त 2023
(b) 15 जुलाई 2023
(c) 10 सितंबर 2023
(d) 5 जून 2023

42.चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम क्या था?
(a) प्रज्ञान (b) विक्रम
(c) ध्रुव (d) आर्यभट्ट

43.चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के किस हिस्से पर लैंडिंग की?
(a) उत्तरी ध्रुव
(b) दक्षिणी ध्रुव
(c) मध्य क्षेत्र
(d) पूर्वी क्षेत्र

44.भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन कौन सा है?
(a) चंद्रयान
(b) मंगलयान
(c) गगनयान
(d) आदित्य-L1

45.आदित्य-L1 मिशन का उद्देश्य क्या है?
(a) चंद्रमा का अध्ययन
(b) सूर्य का अध्ययन
(c) मंगल का अध्ययन
(d) अंतरिक्ष स्टेशन निर्माण

46.5G नेटवर्क का विस्तार भारत में कब तक 98% जिलों तक पहुँचा?
(a) 2022 (b) 2023
(c) 2024 (d) 2025

47.निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र 5G तकनीक से लाभान्वित नहीं है?
(a) डिजिटल इंडिया
(b) स्मार्ट सिटी
(c) IoT (इंटरनेट ऑफ थिंग्स)
(d) जल संरक्षण

48.निम्नलिखित में से कौन सा मिशन ISRO द्वारा सूर्य के अध्ययन के लिए शुरू किया गया?
(a) चंद्रयान-3
(b) मंगलयान-2
(c) आदित्य-L1
(d) गगनयान

49.भारत ने 2024 में किस देश के साथ अंतरिक्ष सहयोग समझौता किया?
(a) रूस
(b) अमेरिका
(c) जापान
(d) फ्रांस

50.निम्नलिखित में से कौन सी तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से संबंधित है?
(a) ब्लॉकचेन
(b) मशीन लर्निंग
(c) 5G
(d) IoT

51.भारत का पहला क्वांटम मिशन कब शुरू हुआ?
(a) 2022 (b) 2023
(c) 2024 (d) 2025

52.निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण चंद्रयान-3 का हिस्सा था?
(a) रोवर प्रज्ञान (b) लैंडर ध्रुव (c) ऑर्बिटर मंगल
(d) सैटेलाइट आदित्य

53.भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने वाला ऐप कौन सा है?
(a) Paytm
(b) BHIM
(c) Google Pay
(d) PhonePe

54.निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र नैनो प्रौद्योगिकी से संबंधित है?
(a) अंतरिक्ष अनुसंधान
(b) सूक्ष्म सामग्री
(c) जलवायु परिवर्तन
(d) परमाणु ऊर्जा

55.भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर मिशन कब शुरू हुआ?
(a) 2021 (b) 2022
(c) 2023 (d) 2024

**डॉ. एम . ए. खान**
**प्रोफेसर (भूगोल)**

# पीएम इंटर्नशिप योजना, हर महीने मिलेंगे 5 हजार रुपए, जानें कैसे होता है चयन और कहां करना होगा आवेदन




पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत चयनित युवाओं को देश की बड़ी प्राइवेट कंपनियों में काम करने और स्किल सिखने का मौका मिलता है। साथ ही इस दौरान उन्हें केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित स्टाइपेंड भी दिया जाता है।
भारत सरकार की ओर से PM इंटर्नशिप योजना 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होने वाली है। यह योजना युवाओं को इंटर्नशिप के मौके देने के लिए बनाई गई है। यह योजना खासकर उन युवाओं के लिए बनाई गई है, जो स्किल सीखना चाहते हैं और या फिर गरीब परिवारों से आते हैं। योजना का मुख्य मकसद है कि जो युवा अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं या कर रहे हैं, उन्हें काम करने का अनुभव मिले। इसके तहत कंपनियां चयनित युवाओं को काम करने के माहौल में ट्रेनिंग और अनुभव देंगी, जिससे उनकी स्किल बढ़ेगी। अभी इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया है और पहले फेज में 1.25 लाख युवाओं को इसका लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

**कैसे करें रजिस्ट्रेशन**
वेबसाइट के होम पेज पर रजिस्टर टैब पर क्लिक करें।
यहां रजिस्ट्रेशन फॉर्म में जरूरी जानकारी भरकर सबमिट करें।
दिए गए इनपुट के आधार पर सिस्टम रेज्यूमे बनाकर देगा।
अब आप जगह, सेक्टर, रोल और पढ़ाई के हिसाब से 5 इंटर्नशिप तक के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
अपना एप्लीकेशन भविष्य के लिए सेव कर लें।

**कौन कर सकता है अप्लाई**
10वीं, 12वीं, ITI, पॉलिटेक्निक या डिप्लोमा पूरा करने वाले कैंडिडेट्स अप्लाई कर सकते हैं।
जो युवा किसी भी संस्थान से नए ग्रेजुएट हुए हैं, वे भी इसमें शामिल हो सकते हैं।
ITI करने वाले उम्मीदवार अप्लाई कर सकते हैं। उनके पास मैट्रिक (10वीं) के साथ-साथ ट्रेड का सर्टिफिकेट होना जरूरी है।
12वीं के साथ AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा करने वाले कैंडिडेट्स आवेदन कर सकते हैं।
बैचलर डिग्री वाले, जिनके पास UGC/AICTE से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की डिग्री हो, आवेदन कर सकते हैं।
उम्मीदवार की उम्र 18 से 24 साल के बीच होनी चाहिए। हालांकि, SC/ST/OBC कैटेगरी के उम्मीदवारों को उम्र में छूट मिलेगी।

**क्या है पीएम इंटर्नशिप योजना के फायदे?**
इंटर्न को हर महीने 5 हजार रुपए स्कॉलरशिप मिलेगा, जिससे वे अपने छोटे-मोटे खर्चे चला सकें।
साथ ही एक बार में 6 हजार रुपये अलग से मिलेंगे, जो इंटर्नशिप के दौरान आने वाले दूसरे खर्चों के लिए दिए जाते हैं।
सबसे बड़ा फायदा यह है कि बड़ी और अच्छी कंपनियों में काम करके वर्क कल्चर को समझने का मौका मिलता है।
सरकार की योजनाओं के तहत बीमा का लाभ भी मिलेगा।

**कैसे होता है चयन?**
इंटर्नशिप के लिए रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों का चयन और भरे गए पसंद और कंपनियों की जरूरतों के आधार पर किया जाता है। कंपनियां इन एप्लीकेशन और बायोडाटा को देखने के बाद वेबसाइट के जरिए इंटर्नशिप के ऑफर भेजती है। जिन उम्मीदवारों को चुना जाता है, वे ऑनलाइन ही ऑफर को स्वीकार कर सकते हैं। SC, ST, OBC और दिव्यांग वाले वर्गों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाती है।

# डेंगू का खतरा बढ़ा: दिल्ली में 277 मामले सामने आए, लक्षण पहचानें और सतर्क रहें




दिल्ली में एक बार फिर डेंगू का कहर बढ़ने लगा है। राजधानी में अब तक डेंगू के 277 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जो कि स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय है। बारिश का मौसम और बढ़ती उमस डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल माहौल प्रदान कर रही है। ऐसे में अगर आपके शरीर में कुछ खास लक्षण दिखाई दे रहे हैं, तो सतर्क हो जाएं और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। यह लेख डेंगू के वर्तमान हालात, उसके लक्षण, रोकथाम, इलाज और सावधानियों के बारे में पूरी जानकारी देगा ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सकें।

**दिल्ली में डेंगू की स्थिति**
स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, 1 जनवरी से 31 जुलाई 2025 तक राजधानी दिल्ली में डेंगू के 277 पुष्ट मामले सामने आए हैं। इनमें से अधिकतर मामले जुलाई महीने में ही दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त-सितंबर में इसके मामले और तेज़ी से बढ़ सकते हैं क्योंकि यह डेंगू का पीक सीज़न होता है। डेंगू का संक्रमण Aedes aegypti नामक मच्छर के काटने से होता है, जो दिन में अधिक सक्रिय रहता है, विशेषकर सुबह और शाम के समय। यह मच्छर साफ़ पानी में पनपता है — जैसे कि कूलर, फूलदान, पानी की टंकी, छत पर जमा पानी, या घर के आसपास के गड्ढों में।

**डेंगू के प्रमुख लक्षण**
डेंगू होने पर शरीर में कई तरह के लक्षण दिखते हैं, जो शुरुआत में सामान्य वायरल फीवर जैसे लग सकते हैं, लेकिन समय के साथ गंभीर रूप ले सकते हैं। मुख्य लक्षणों में शामिल हैं:
तेज़ बुखार: अचानक तेज़ बुखार (103°F या उससे अधिक) आना।
सिरदर्द: विशेष रूप से आंखों के पीछे तेज़ सिरदर्द।
मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द: इसे "हड्डी तोड़ बुखार" भी कहा जाता है क्योंकि दर्द बहुत ज़्यादा होता है।
थकावट और कमजोरी: शरीर में ऊर्जा की भारी कमी महसूस होती है।
त्वचा पर चकत्ते: चेहरे, हाथों, पैरों या पूरे शरीर पर लाल चकत्ते या रैशेज़।
मतली और उल्टी
नाक या मसूड़ों से खून आना
पेट दर्द या गैस्ट्रिक समस्या
भूख में कमी और नींद की समस्या
ब्लड प्रेशर का गिरना (गंभीर मामलों में)
यदि बुखार के साथ शरीर पर चकत्ते, लगातार उल्टी, खून आना या तेज़ कमजोरी हो रही है, तो यह डेंगू हेमोरेजिक फीवर (DHF) या डेंगू शॉक सिंड्रोम (DSS) के लक्षण हो सकते हैं, जो जानलेवा हो सकता है। ऐसे में फौरन अस्पताल में भर्ती कराना ज़रूरी है।

**डेंगू की जांच कैसे होती है?**
डेंगू की पुष्टि के लिए डॉक्टर कुछ विशेष ब्लड टेस्ट करवाने की सलाह देते हैं:
NS1 एंटीजन टेस्ट: संक्रमण के पहले 5 दिनों में यह टेस्ट कारगर होता है।
IgM और IgG एंटीबॉडी टेस्ट: यह एंटीबॉडीज़ संक्रमण के कुछ दिनों बाद बनती हैं।
CBC (Complete Blood Count): इसमें प्लेटलेट काउंट देखा जाता है। डेंगू में प्लेटलेट्स की संख्या घटती जाती है।
एलायज़ा टेस्ट: WHO द्वारा मान्यता प्राप्त तकनीक से डेंगू वायरस की उपस्थिति की पुष्टि होती है।

**डेंगू का इलाज**
डेंगू का कोई विशेष एंटीवायरल इलाज नहीं होता। इसका उपचार लक्षणों के अनुसार किया जाता है। मुख्य उपचार उपाय: पर्याप्त आराम करें
पानी व तरल पदार्थों का सेवन अधिक करें (ORS, नारियल पानी, सूप, जूस आदि)
पैरासिटामोल बुखार और दर्द के लिए दी जाती है (लेकिन एस्पिरिन या आईबुप्रोफेन नहीं, क्योंकि इससे रक्तस्राव का खतरा बढ़ता है)
प्लेटलेट्स बहुत कम होने पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन की ज़रूरत पड़ सकती है
डॉक्टर की देखरेख में नियमित जांच ज़रूरी है
डेंगू में खुद से दवा लेना ख़तरनाक हो सकता है, इसलिए डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवा न लें।

**डेंगू से बचाव कैसे करें?**
चूंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए रोकथाम की जिम्मेदारी हर नागरिक की है।
बचाव के उपाय:
मच्छरों से बचाव:
पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें
मच्छरदानी का प्रयोग करें, भले ही दिन हो
मच्छर भगाने वाली क्रीम (repellent) लगाएं
दरवाज़ों और खिड़कियों में जाली लगवाएं
पानी जमा न होने दें:
कूलर, फूलदान, पानी की टंकी हर हफ्ते साफ करें
गमलों की ट्रे में पानी जमा न होने दें
छत और बालकनी में किसी भी कंटेनर में पानी न भरने दें
पुराने टायर, नारियल के खोल, प्लास्टिक के डिब्बे जैसे कबाड़ को घर से बाहर करें
सामुदायिक स्तर पर:
नगरपालिका द्वारा नियमित फॉगिंग कराना
जागरूकता अभियान चलाना
स्कूलों और कार्यालयों में साफ-सफाई सुनिश्चित करना
सरकार और स्वास्थ्य विभाग की तैयारी
दिल्ली सरकार और नगर निगमों ने डेंगू के मामलों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं:
सरकारी अस्पतालों में डेंगू वार्ड स्थापित किए गए हैं
24x7 हेल्पलाइन जारी की गई है
स्कूलों को डेंगू जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं
घर-घर जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा जांच और लार्वा नष्ट करने का अभियान जारी है
डेंगू एक गंभीर बीमारी है लेकिन अगर समय रहते लक्षणों को पहचाना जाए और उचित इलाज व बचाव किया जाए, तो इससे आसानी से बचा जा सकता है। दिल्ली में मौजूदा मामलों की संख्या आने वाले हफ्तों में और बढ़ सकती है, इसलिए यह ज़रूरी है कि हम सभी सतर्क रहें। याद रखें, रोकथाम इलाज से बेहतर है। यदि आपके शरीर में डेंगू जैसे लक्षण दिखें, तो समय बर्बाद न करें और तुरंत जांच कराएं। अपने घर और आसपास सफ़ाई रखें और डेंगू के मच्छरों को पनपने से रोकें।

# ऑल इंडिया सीरत कमेटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा

## -नियाज़ अहमद निक्कू बने राष्ट्रीय महासचिव

**शब्बीर हुसैन**




नई दिल्ली/कोटा, (रॉयल पत्रिका)। इस्लामी परंपराओं के अनुसार 1500 साला मिलादुन्नबी पोस्टर का विमोचन किया गया। ऑल इंडिया सीरत कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारी रियासत अली ने बताया कि सरपरस्त हाजी मुईनुद्दीन अशरफी की सरपरस्ती ओर ऑल इंडिया सीरत कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद फजले हक कादरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली के दरियागंज में हुई। जिसमें देश के सात प्रांतों के विद्वानों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष फजले हक ने कहा कि ऑल इंडिया सीरत कमेटी के संस्थापक पूर्व सांसद सैयद शाह मौलाना असरार उल हक ने इसकी स्थापना 1957 में की थी। सालों से सीरत कमेटी के नेतृत्व में ईद मिलादुन्नबी के मौके देशभर में जलसे जुलूस निकाले जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस 1500 साला मिलादुन्नबी मनाने के आंदोलन को ओर सक्रिय बनाने के लिए सात प्रांतों के प्रतिनिधियों की एक समिति गठित की। जिसमें संरक्षक अल्हाज मुहम्मद सईद नूरी मुंबई, संरक्षक हाजी मुईन अशरफी, महासचिव अल्हाज नियाज़ अहमद निक्कू, उपाध्यक्ष कारी रियासत अली, नाजिम मौलाना मुहम्मद कलीम अशरफ को बनाया गया। प्रोग्राम में नई दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश ओर बिहार के लोगों ने बैठक में शिरकत की। इस दौरान 1500 साला ईद मिलादुन्नबी मानने के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। जिसमें इस्लामी परंपराओं के साथ सादगी और भाईचारे से ईद मिलादुन्नबी मनाने की अपील की गई। बैठक में हाजी मशकूर, मौलाना आरिफ, मौलाना कामिल, हाफिज मतीन शामिल हुए।

# रामगंज मण्डी ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन ने पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेडकवाल को लिखा पत्र



रामगंज मण्डी (रॉयल पत्रिका)। प्रेस ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन रामगंज मण्डी ने शुक्रवार पालिकाध्यक्ष को पत्र लिखकर एशिया की पहली कृषि उपज मण्डी समिति में आने वाले वाहनों व किसानों की सुरक्षा के मद्देनजर सडकों की मरम्मत करवाने की मांग की। जिसकी प्रतिलिपि ईओ नगर पालिका रामगंज मण्डी को भी प्रेषित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए ग्रेन एंड सीड्स मर्चेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश धाकड़ व सचिव योगेश दलाल ने संयुक्त रूप से बताया कि कृषि उपज मण्डी समिति रामगंज मण्डी विश्व विख्यात एशिया (विशिष्ट श्रेणी) की कृषि उपज मण्डी है। जिसमें किसान अपनी कृषि जिन्सों को लेकर वाहन से आते हैं। मण्डीयार्ड के कृषि व्यापारियों के जिन्सों के वाहन भी वेयर हाउस, गोदाम इस क्षतिग्रस्त सड़कों से होकर गुजरते हैं। क्षतिग्रस्त सड़के जुल्मी रोड, अम्बेडकर चौराहा, पन्नालाल चौराहा, पंचमुखी रोड की सड़कों पर अत्यधिक गहरे गड्ढे होने के कारण कृषक वाहन चालकों एवं आमजन को प्रतिदिन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त सड़कों पर गहरे गड्ढे होने के कारण वाहनों का अनियंत्रित होकर पलटने एवं दुर्घटना होने का संदेह बना रहता है, जिससे कभी जन-धन की हानि हो सकती है। ऐसी स्थिति में अतिशीघ्र सडकों की मरम्मत का कार्य पूर्ण रूप से किया जाये या सड़कों की क्षतिग्रस्त दृष्टि को देखते हुए सड़कों का पुनः नवनिर्माण करवाया जाए।

# विभाग की लापरवाही ने अतरालिया में ग्रामीणों के सामने खड़ी की समस्या

## -अतरालिया ग्राम में जलदाय विभाग ने नाले में डाल दी पाइप लाइन, बारिश में रुकावट आने से घरों में घुस रहा पानी

**डॉ. तोहिद**



सुकेत (रॉयल पत्रिका)। अतरालिया ग्राम में जलदाय विभाग की लापरवाही ने अतरालिया में ग्रामीणों के सामने समस्या खड़ी कर दी। डिंगसी और आसपास के गांवों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से पाइप लाइन डाली गई थी। नियमों के विपरीत गांव के मुख्य नाले के भीतर ही पाइप लाइन बिछा दी। इसके परिणाम स्वरूप नाले का बहाव अवरुद्ध हो गया। थोड़ी-सी बारिश में भी गांव की गलियों और घरों में गंदा पानी भरने लगा है, जिससे पूरा गांव जलमग्न होने की कगार पर है। जलदाय विभाग ने हर घर जल मिशन के तहत डिंगसी और उसके आगे के गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए एक नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया था। तकनीकी नियमों के अनुसार, इस तरह की पाइप लाइनों को किसी भी तरह के अवरोध से बचाने और सुरक्षा के लिए जमीन में कम से कम एक मीटर की गहराई तक बिछाना अनिवार्य है, लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार ने लागत और मेहनत बचाने के लिए खुदाई नहीं कर पाइप लाइन को सीधे अतरालिया गांव के बीच से गुजरने वाले बरसाती और गंदे पानी नाले में डाल दिया। ठेकेदार की इस लापरवाही का खामियाजा अब अतरालिया गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पाइप लाइन ने नाले के प्रवाह ठप्प हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जब से पाइप लाइन नाले में डाली गई है। इससे ग्रामीणों का घरों में रहना तक मुश्किल हो गया। पूर्व में पानी की निकासी आसानी से निकल जाता था, लेकिन अब पानी नाले से बाहर निकलकर हमारी गलियों में भर जाता है। इससे आवाजाही में परेशानी हो रही है। मच्छरों और बीमारियों का खतरा अलग है। इस समस्या को दिखवाया जाए साथ ही, जल्द ही दूसरी लाइन खोद कर पाइप को डलवाया जाए जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# आकांक्षा हाट का भव्य शुभारंभ: स्थानीय उत्पादों को मिलेगा नया मंच



बारां,(रॉयल पत्रिका)। नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत शनिवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में 'आकांक्षा हाट' का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 2 अगस्त से 8 अगस्त तक चलेगा, जिसमें जिले के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वोकल फॉर लोकल' थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर विधायक राधेश्याम बैरवा ने कहा कि नीति आयोग की यह पहल वास्तव में सराहनीय है। बारां जिला लहसुन उत्पादन में अग्रणी है और अब इसकी प्रोसेसिंग यूनिट की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ललित मीणा ने कहा कि टेक्नोलॉजी के विस्तार ने गांव-गांव तक सुविधाएं पहुंचाई हैं। ऑनलाइन पेमेंट इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। बारां आकांक्षी जिलों में शामिल है, लेकिन हमें सामूहिक प्रयासों से इस सूची से बाहर निकलना है। जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित कर उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। कार्यक्रम में नरेश सिकरवार ने कहा कि पहले जो वस्तुएं आयात की जाती थीं, वे अब यहीं उत्पादित होने लगी हैं। आकांक्षा हाट जैसे आयोजनों से स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और व्यापार विस्तार का सशक्त मंच मिलेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक सुनील शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा, नगर अध्यक्ष ओपी पारेता, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, रसद अधिकारी अनिल चौधरी, किशनगंज एसडीएम, एनआईसी उपनिदेशक मनीष शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# अंजुमन इत्तेहाद-ए-बाहमी, का इजलास-ए-आम सम्पन्न

## -आबिद हुसैन अंसारी निर्विरोध सदर निर्वाचित




बारां,(रॉयल पत्रिका)। अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी ज़िला बारां द्वारा इजलास ए आम एवं नई कार्यकारिणी के सदर (अध्यक्ष) के चुनाव का रविवार, 3 अगस्त 2025 को अंजुमन मैरिज हॉल, अंजुमन चौराहा बारां में सम्पन्न हुए। शूरा कमेटी सदस्य और चुनाव अधिकारी हाजी मास्टर अयूब अली ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तिलावत से हुई, प्रोग्राम में बारां शहर सहित अंता, सीसवाली, मांगरोल, छबड़ा, किशनगंज, भंवरगड़, कवाई, बड़ोरा सहित जिले भर के जिम्मेदार मुस्लिमजनों ने हिस्सा लिया। सभी ने समाज की भलाई, शिक्षा, रोजगार और सांप्रदायिक सौहार्द बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की सदारत अंजुमन इत्तेहाद ए बाहमी के पूर्व सदर हाजी निजामुद्दीन खान ने की। इजलास संस्था की नई टीम गठित करने के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें सर्वसम्मति से आबिद हुसैन अंसारी को बारां जिले की तमाम तन्ज़ीमों, संगठनों, सियासी पार्टियों व पंचायतों से मिलकर बना जिले का सबसे बड़ा मुस्लिम संगठन अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी जिला बारां का सदर निर्विरोध चुना गया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एक राय होकर स्वीकार किया। इजलास में संस्था की भावी रणनीतियों, सामाजिक मुद्दों और समुदाय के विकास से जुड़ी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। संचालन अब्दुल मतीन ने किया। कार्यक्रम में अंजुमन सदर माजिद सलीम, नायब सदर जाकिर मंसूरी, हाजी निजामुद्दीन खान छबड़ा, ईदगाह सदर अंता हाजी रसूल मोहम्मद, मोमिनान सदर सीसवाली हाजी गफूर अंसारी, वक्फ कमेटी चेयरमैन इरफान अंसारी, एम इदरीस खान सीसवाली, इकबाल खान अंता, सेठ उस्मान पलायथा, हाजी वसीम अहमद, हाजी लियाकत अली मेव, मांगरोल शहर काजी मुबश्शर साहब, हाजी अब्दुल हसीब, सईद अंसारी, नासिर मिर्जा, एडवोकेट फिरोज खान, रईस हाशमी, एडवोकेट अमीनुद्दीन, हस्सान खान, अजीज भाई छीपाबड़ौद, अजीम पठान, प्रोग्राम कनवीनर इकबाल नेता, जिला अध्यक्ष शाहिद कुंडी, अशरफ देशवाली, शाहिद इकबाल भाटी, पार्षद परवेज खान, पार्षद शरीफ रंगरेज, अखलाक अंसारी, अब्दुल सलाम दिलावर, पार्षद अब्दुल अजीज अज्जू, हाजी सेठ उस्मान पलायथा, महफूज भाई छिपाबड़ौद सहित कई जिम्मेदार मोजूद रहे।

# बाढ़ से बचाने के लिए कुदायला की खाळ से मशीन हटाएगी मलबा

## -खर्च की राशि फैक्ट्री संचालकों से वसूलेगा प्रशासन



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। सुकेत रामगंज मंडी में मंगलवार को भी दिनभर रिमझिम बारिश जारी रही। सोमवार को बारिश के बाद क्षेत्र के कई गांव व कॉलोनियों में बाढ़ के हालत बन गए थे। ऐसे में मंगलवार को भी वहां प्रशासन और समाजसेवी संस्थाओं की ओर से भोजन के पैकेट और सामग्री का वितरण किया गया। इसी के साथ 10 घंटे में 203 मिमी बारिश के कारण कुदायला और खैराबाद में पानी भर गया। इसका मुख्य कारण कुदायला खाळ से मलबा नहीं हटाना था। ऐसे में अब प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। बुधवार को एसडीएम के निर्देशन पर यहां पानी अधिक होने के कारण एलएनटी मशीन मंगवाकर खाळ से मलबा हटवाया जाएगा। इसके खर्च की राशि फैक्ट्री संचालकों से वसूल की जाएगी। इसके लिए मंगलवार को एसडीएम आईएएस चारू, तहसीलदार नेहा वर्मा ने टीम के साथ मौका देखा। इस दौरान कोटा स्टोन एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद बैंसला समेत अन्य भी मौजूद रहे। क्षेत्र के कुदायला खाळ में 35 से अधिक कोटा स्टोन फैक्ट्रियों की ओर से मलबा डाला जाता है। इसकी बारिश के बाद सफाई करवाई जाती है, लेकिन इस बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों की ओर से इस मामलेकुदायला गांव कोटा स्टोन औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित है। यहां से मायला-कुदायला होते हुए खाळ निकल रहा है। इस खाळ में बारिश के समय रामगंजमंडी, खैराबाद और इसके आसपास के गांवों का पानी बहकर आता है। इससे जब भी तेज बारिश होती है तो खाळ में उफान आ जाता है। मायला से कुदायला औद्योगिक क्षेत्र होते हुए अमरपुरा, कुंभकोट में पाटली नदी और फिर आहू नदी में मिलता है। औद्योगिक क्षेत्र में खाळ के आसपास करीब 35 से अधिक कोटा स्टोन की फैक्ट्रियां लगी हुई हैं। इनका वेस्टेज पहली बार अतिवृष्टि से ही घरों में घुसा था 5 फीट तक पानी ऐसे में पहली बार अतिवृष्टि होने के बाद ही यहां बाढ़ के हालत बन गए। इससे घरों में 5 इंच तक पानी घुस गया। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का ट्रैक्टर से दौरा कर अधिकारियों को खाळ से मलबा और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मलबा नहीं हटाने वाले 5 फैक्ट्री मालिकों के बिजली के कनेक्शन भी काटे गए थे। इसके बाद भी फैक्ट्री संचालकों ने मलबा नहीं हटवाया। इस कारण 28 जुलाई को फिर से कुदायला में बाढ़ आ गई। खाळ में पानी अधिक होने के कारण जेसीबी से नहीं हटाया जा सकता है। ऐसे में एलएनटी मशीन मंगवा कर खाळ से मलबा हटाया जाएगा, जिससे कि पानी की निकासी हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा पद्धति परामर्श शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ



उदयपुर,(रॉयल पत्रिका)। मदरसा अंजुमन तालीमुल फुरकान, मस्जिद कुतुब-ऐ-आलम के पास, खांजीपीर, उदयपुर में यूनानी व आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति परामर्श शिविर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। इस शिविर में 234 रोगी को उपचार दिया गया। मदरसा के सदर अब्दुल कलीम, वार्ड पार्षद राशीद खान व सिराज खान द्वारा पूरी टीम की हौसला अफ़ज़ाई की और टीम द्वारा इस सराहनीय कार्य करने पर मोमेंटो से नवाजा गया। इस निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में डॉ. सना विकार, डॉ. राजिक हुसैन, डॉ. ज़ीनत, अहमद हुसैन, अंजली पायक, फरदीन, भानू सेन, अबूबक्र कुरैशी ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें गर्दन दर्द, कमर दर्द , पीठ दर्द, कन्धे दर्द, जोड़ दर्द, घुटनों में दर्द, साइटिका, गठिया, स्लिप डिस्क, पथरी, बवासीर, अस्थमा, पुरुष व स्त्री रोग, बालों का झड़ना, चर्म रोग एवं मौसमी बीमारियों का निःशुल्क उपचार व औषधियां वितरित की गयी। इसके साथ ही हिज़ामा थैरेपी (कपिंग थैरेपी), मसाज थैरेपी तथा लीच थैरेपी भी की गई।

# हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 अगस्त को 11000 तिरंगा चिन्ह वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा

## -जोधाणा जागरुक मंच ने पोस्टर विमोचन और पौधारोपण किया




जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। नवीन जोधाणा जागरण मंच संस्था की ओर से 11000 तिरंगा चिन्ह वितरण का पोस्टर विमोचन और पौधारोपण कार्यक्रम दरगाह तकिया चांद शाह में आयोजित किया गया दरगाह परिसर में छावदार फलदार पौधे लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने बताया कि पोस्टर विमोचन संस्थापक साजिद खान, संरक्षक इरफान कुरैशी, समाजसेवी मोहम्मद साजिद, पार्षद एडवोकेट असलम खान, यूनाइटेड उम्माह वेलफेयर सोसाइटी के सचिव रशीद अंसारी के हाथों करवाया गया। संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष आसिफ नुरी और कोषाध्यक्ष मोहम्मद हारून ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजीव गांधी स्टैचू के पास 11000 तिरंगा चिन्ह वितरण किए जाएंगे। जोधाणा युवा मंच के अध्यक्ष अकरम सांखला ने बताया कि पोस्टर विमोचन और पौधारोपण के मौके पर मोहम्मद साबिर, इमरान खान, मोहम्मद सलीम मुन्ना, शौकत कुरैशी, ताजदार अब्बासी, मोहम्मद समीर, राजु खान, शाहरुख खान, मोहम्मद लियाकत, मोहम्मद समीर, मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद अशफाक, सोहेल जिन्दरान आदि उपस्थित रहे।

# कोटा में संपन्न हुआ बस ऑपरेटर एसोसिएशन का चुनाव

## - भीलवाड़ा को दो महत्वपूर्ण पद



भीलवाड़ा (रॉयल पत्रिका) । कोटा में बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस चुनाव में भीलवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात यह रही कि दो पदों पर जिले के प्रतिनिधियों ने जीत दर्ज की। संयुक्त सचिव पद पर कलीम काजी को चुना गया, वहीं प्रदेश प्रवक्ता के रूप में जगदीश चंद्र ओझा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर निर्मल जोशी ने दोनों विजेताओं को हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पदाधिकारी संगठन के हित में सकारात्मक और मजबूत भूमिका निभाएंगे।

# बिशनखेड़ा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय की जांच की मांग

**फिरोज खान वारसी**



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका) । मानोहरथाना पूर्व छात्र संघ महासचिव रणजीत सिंह ने बिशनखेड़ा राजकीय प्राथमिक विद्यालय निर्माण में प्रशासन से घटिया सामग्री की जांच करने की मांग की है । उनका कहना है कि गत दिनों बिल्डिंग का नवीन निर्माण किया गया था, इस बिल्डिंग का ठेकेदार स्थानीय है जिसने इस बिल्डिंग का निर्माण किया है । बिल्डिंग में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने के कारण वह क्षतिग्रस्त हो चुकी है । इस बिल्डिंग की बाउंड्री क्षतिग्रस्त हो गई है और बिल्डिंग के अंदर विद्यालय के कमरे भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ऐसे में उन्होंने ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# सीकर में एसडीपीआई का ज़िला प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न




सीकर (रॉयल पत्रिका)। रविवार को सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया सीकर का ज़िला प्रतिनिधि ( DRC) संपन्न हुआ जिसमें ज़िला कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रियाज़ फरंगीपेट, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अशफ़ाक़ हुसैन, प्रदेश कार्यकारणी सदस्यों में मोहम्मद खालिद, आबिद हुसैन व अब्दुल हक़ की मौजूदगी में ज़िला अध्यक्ष पद पर मोहम्मद मोहसीन चौहान, उपाध्यक्ष हाजी रमज़ान, ज़िला महासचिव इमरान मुग़ल व शाहिद अली, कोषाध्यक्ष मोहम्मद तौफ़ीक़, ज़िला सचिव शहज़ाद चौबदार एवं कार्यकारणी सदस्यों के रूप में मोहम्मद शकील, मोहसीन रंगरेज़, शाकिर भाटी, अशरफ अली व सद्दाम भाटी को नियुक्त किया गया। प्रदेश प्रभारी रियाज़ फरंगीपेट ने सभी नवनियुत पदाधिकारियों एवं उपस्थित लोगों को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष अशफ़ाक़ हुसैन ने सभी उपस्थित कार्यकताओं से एक जुट हो कर आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भाग लेने को तैयार रहने के लिए कहा। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सभी नियुक्त पदाधिकारियों का मालाएं पहना कर स्वागत किया।

# स्कूल मारुति वैन दुर्घटना होते-होते बची, बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे



चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर नई सड़क पर एक मारुति वैन बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा थी, 7 बच्चे मारुति वैन से स्कूल जा रहे थे कि अचानक सड़क किनारे डिवाइडर पर चढकर खंभे से टकराई शुक्र है किसी बच्चे को चोट नहीं लगी। यह घटना नई सड़क की है। ड्राइवर से पूछने पर ना तो उसने स्कूल का नाम बताया और नहीं अपना नाम बताया। वहां पर इकट्ठे हुए लोगों ने डिवाइडर से गाड़ी को सुरक्षित हटाया और बच्चों को लेकर वह मारुति स्कूल के लिए रवाना हो गई। आरटीओ या ट्रैफिक पुलिस को चाहिए कि वह जितनी भी स्कूल वेन - बस चलती है । उनका चेक करें केपीसीटी से ज्यादा बच्चों को नए बिठाए और उनकी कंडीशन देखें काफी दफा देखते हैं कि स्कूल वैन रास्ते में खराब हो जाती हैं और धूप में बच्चे बैठे रहते हैं और परेशान होते हैं प्रशासन को इस व्यवस्था पर संज्ञान लेना चाहिए। जिला प्रशासन एवं राजस्थान सरकार को चाहिए जितने भी स्कूलों में वैन में बच्चे जाते हैं बसों में जाते हैं उनकी गहन जांच ड्राइवरी लाइसेंस एवं गैस किट वाली वैन की तो खास तौर पर जांच की जाए। पुलिस प्रशासन को चाहिए ट्रैफिक पुलिस को आदेश देकर इन स्कूलों की वैनो की जांच करनी चाहिए उनके कागजात सही है किस आधार पर स्कूलों के बच्चे इनमें स्कूल जा रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही एक वैन में दोपहर में आग लग गई थी बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। भगवान का शुक्र है सुबह-सुबह बड़ा हादसा होते-होते बचा है। प्रशासन को संज्ञा लेना चाहिए।

# कांग्रेस जनों ने हकीम भाई के अध्यक्ष बनने पर आतिशबाजी कर निकाला जुलूस

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई का सूरजपोल पर शहर कांग्रेस जनों द्वारा शानदार स्वागत एवं आतिशबाजी कर जुलूस के रूप में कांग्रेस भवन में पहुँचकर कर बैठक कर कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।



पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने पर सूरजपोल पर कांग्रेस जनों द्वारा हकीम भाई का स्वागत हुआ। इस दौरान हकीम भाई ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात कांग्रेस जनों ने जुलूस के रूप में सूरजपोल से दुपहिया वाहनों से कांग्रेस भवन पहुँचे।

इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और पाली विधायक भीमराज भाटी का आभार जताया। इसके पश्चात कांग्रेस भवन में राजीव गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभा के रूप में सभी कांग्रेस जनों को संबोधित कर सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर पाली जिला के अध्यक्ष अजीज दर्द, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, राजीव गाँधी पंचायती राज जिलाध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल, यशपाल सिंह कुम्पावत, मांगू सिंह दुदावत, रामचन्द्र बुनकर, चेलाराम राबबड़ा, नीलम बिरला, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद बंजारा, प्रकाश सांखला, शकील नागौरी, हसन भाटी, गोरधन देवासी, रफीक चौहान, लक्ष्मण कच्छवहा, रोहित, इंसाफ घोसी, पूरण आर्य, एनएसयूआई अध्यक्ष विजय जोशी, मोनू मेघवाल, महावीर कटारिया, दिलीप ओड, विनोद मोदी, भैराराम गुर्जर, प्रकाश चौहान, डॉ.रमेश कुमार चावला, ताराचंद चन्दनानी, मुकेश देवासी, शकील नागौरी के साथ सैंकड़ों कांग्रेस जनों ने हकीम भाई का साफा और माला पहना कर स्वागत किया।

# हजरत दीवाना शाह के उर्स में संदल पेश करने की रस्म अदा

कपासन (रॉयल पत्रिका)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन रोजा उर्स में संदल पेश करने की रस्म अदा की गई। रविवार को कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न होगा।



दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार शुक्रवार बाद नमाज़ ईशा के महफिले मिलाद के बाद महफिले समा का प्राग्राम हुआ, जिस में दूर-दूर से आए हुए 31 कव्वाल पार्टियों ने अपने-अपने कलाम पेश कर दाद बटोरी और आशिके दीवाना ने दिल खोल कर इनाम दिया। बाबा हुजूर के उर्स मे देश के कौने-कौने से जायरीन की आवक हो रही है। जब मेहमानाने दीवान पिया को 70 फीट ऊँचा बुलन्द दरवाजा दूर से जगमगाता हुआ दिखाई देता है तो दिल को सुकून मयस्सर होता है, हर तरफ दीवाना-दीवाना की सदाएँ, आशिके दीवाना की लंगर खाने एवं दर्शन हेतु लम्बी-लम्बी कतारें, धूणा में मस्त मलंग, औलिया मस्जिद में इबादतों, रियाजत में मशकूल दीवाने, आयशा मस्जिद में इबादत में मसरूफ मस्तुरात, मैला ग्राउण्ड में खरीदारों की भीड़ तो झूला-चकरी, डोलर व खिलोने की दुकानों पर बच्चों के साथ बड़ों का हुजूम, खुशबू से महकता हुवा आस्ताना-ए-आलिया में हर शख्स अदब से चादर, इत्र, फूल पेश कर रो-रोकर अपना दुखडा बाबा को सुनाता हुआ और यह दिल में है कि मैं इन्हें नहीं देख रहा हूँ मगर यह तो मुझे देख रहे हैं। यह बाबा हुजूर के 84वें उर्स का हसीन मंजर है। दरगाह वक्फ कमेटी के सदर अनवर अहमद छीपा के अनुसार रविवार प्रातः बाद नमाज़ फज़र के देग का खाना तकसीम होगा। कुल की महफिल 08:00 बजे शुरू होगी, जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न होंगे व सोमवार को मुख्य मज़ार के पट आम जायरीन के दर्शन हेतु खोले जायेंगे। आम जायरीन के दर्शन हेतु साल में एक बार ही यह पट खोले जाते हैं।

देग:- 6 क्विंटल चावल, 6 क्विंटल शक्कर, 1 या 2 टीन देशी घी, 1.5 क्विंटल सुखा मेवा सभी एक साथ देग में डालकर पकाए जाते हैं, दरगाह शरीफ पर ये देग साल में दो बार बनाई जाती है, (1) 8 सफर (2) 12 रबिउलअव्वल को।

# प्रयागराज से पाली पहुंचे इंजिनियर बलीउल्लाह,घोसी समाज ने किया स्वागत

पाली (रॉयल पत्रिका)। प्रयागराज के इंजीनियर बलीउल्लाह के पाली पहुंचने पर घोसी समाज के मौअजिज लोगों ने उनका स्वागत किया। घोसी समाज के बाबू भाई मोयल ने उन्हें समाज की मस्जिदों, भवन व कब्रिस्तान का अवलोकन करवाया तथा समाज द्वारा किए जा रहे समाज सुधार के कार्यों की जानकारी दी। हाजी अहमद घोसी ने समाज की तालिम के बारे में जानकारी दी। बलीउल्लाह ने कहा कि समाज को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने की जरूरत है, शिक्षा से ही समाज व राष्ट्र की तरक्की संभव है। इस मौके पर समाज के कई लोग मौजूद रहे।



# शरीफ ने साथियों के साथ गाय को बचाया

पाली (रॉयल पत्रिका)। शहर के कालू कोलोनी में एक कुएं में गाय गिर गई थी, कुएं से कुछ दूरी पर शरीफ मिस्त्री की दुकान है। जैसे ही शरीफ को इसकी सूचना मिली उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर गाय को बाहर निकाला और गाय को बचाया। कुआं ज्यादा गहरा न होने की वजह से जल्द ही गाय को बाहर निकाल लिया गया।



# जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक का आयोजन

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला कांग्रेस सेवादल की जिला स्तरीय बैठक राजीव गांधी स्मृति भवन कांग्रेस कार्यलय पाली में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष एवं जोधपुर-उदयपुर संभाग जोन प्रभारी मोहन हटेला के मुख्य अतिथि एवं पाली जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।




इस बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी मोहन हटेला ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सेवादल तीन महीने तक सम्पूर्ण राजस्थान के समस्त जिलों में संगठन सर्जन सहयोगी प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से 20 हजार से अधिक श्वेत सैनिक तैयार किये जायेंगे। जिसकी शुरुआत 11 अगस्त से होगी, हटेला ने यह भी कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण अंग है। ऐसे में शिविर में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं का चयन अंतिम छोर के बूथ लेवल पर करना होगा ताकि पार्टी को और अधिक मजबूती मिल सके।

पाली जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने कहा कि पाली जिले में जिला कार्यकर्ताओं के तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर मे में चार सौ से अधिक संख्या में सेवादल कार्यकर्त्ता शिविर में भाग लेंगे, जिसकी तैयारी के लिए विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रत्येक ब्लॉक में पचास गणवेशधारी कार्यकर्ताओं की शिविर में भागीदारी सुनिचित की गई।

इस बैठक को पाली जिला कांग्रेस सेवादल महिला जिलाध्यक्ष फरीदा बानो पठान, जसाराम परिहार, रामसिंह इंदा, भूराराम देवासी, भेरुसिंह गुजर, राजेश कुमार वैष्णव, गुलाब सोडा, नारायण लाल पूछल, सोजत ब्लॉक अध्यक्ष असलम मेहर, मूलाराम मीणा, एडवोकेट लक्ष्मण कुमार मेघवाल, जगदीश प्रजापत, ओटाराम बीजापुर, भोमाराम बासनी, सोहन पालीवाल ने अपने विचार व्यक्त किये। इस बैठक में नारायण लाल पुच्छल, विनोद चांवरिया, रमेश बावल, नेमाराम सुथार, मोहन बिश्नोई, रामचन्द्र गहलोत, चुन्नीलाल सिरवी, सलीम शाह, इब्राहिम शाह, नैनाराम हेमावास, मांगीलाल पंवार, सोहन सिंह, मोहम्मद सलीम, धन्नाराम मानपुरा, कानाराम काग, मोहनलाल पवार सहित जिला पदाधिकारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे।

# मेड़ता की धरती पर आना गौरवान्वित करता है - दिया कुमारी

नागौर, (रॉयल पत्रिका)। मीरां नगरी मेड़ता सिटी में आयोजित 521 वें मीरां जयंती महोत्सव में रविवार को प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने भक्त शिरोमणि मीरां बाई व भगवान चारभुजा नाथ मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने मीरां बाई और ठाकुर जी रजत रेवाड़ी के समक्ष चल रही खड़ी सप्ताह भजन कीर्तन में भाग लेते हुए महिलाओं के भक्तिमय वातावरण में नृत्य किया तथा वहां उपस्थित भक्त श्रद्धालुओं को हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इसके बाद मीरां स्मारक में आयोजित मीरां जयंती महोत्सव में आमसभा को संबोधित भी किया।



इस दौरान महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार, खींवसर विधायक रेवंत राम डांगा, मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू, मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी, पालिका अध्यक्ष शोभा लाहोटी, मीरां महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत, सचिव रवि प्रकाश कमेडिया व मीरां जयंती महोत्सव समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने माला व साफा पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर व मीरां बाई की मूर्ति भेट कर उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने उद्बोधन में मेड़ता से लगाव का जिक्र किया। उन्होंने सांसद रहते हुए किए गए दौरों और जनता के सहयोग आदि बारे में कहा। इस दौरान उन्होंने मेड़ता कॉरिडोर और केंद्रीय योजनाओं में सर्किट हाउस के विकास का आश्वासन दिया। उन्होंने मेड़ता सब्जी मंडी हेतु सीमेंट की छत सहित विकास कार्य करवाने का भरोसा दिलाया। इसके अलावा पूर्व बजट में की गई घोषणा के कार्यों को लेकर विधायक लक्ष्मणराम कलरू से जानकारी ली। साथ ही कहा कि आगामी बजट में मेड़ता सहित प्रदेश के धार्मिक, पर्यटक, लोक देवता स्थल स्मारकों के लिए विशेष घोषणा की जाएगी।

इसके बाद उन्होंने मेड़ता उपखंड कार्यकालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान

मंत्री मंजू बाघमार, खींवसर विधायक रेवंत राम डांगा, किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी, मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू, मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी, उपजिला प्रमुख शोभाराम जयपाल आदि मौजूद रहे।

अपने उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आपने मुझे मीरां जयंती महोत्सव समारोह में आने का अवसर दिया। उसके लिए मैं आप सभी की आभारी हूं। मुझे आप लोगों के बीच आना तथा आप लोगों के काम करने पर गर्व होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसमें राजसमंद संसदीय क्षेत्र की जनता का विशेष योगदान है। आप से बहुत कुछ सीखकर अनुभव भी लिया। वो पांच साल मुझे हमेशा याद रहेंगे।

इस अवसर पर उन्होंने दोनों विधायकों की तारीफ करते हुए कहा कि ये दोनों मेहनती है, अक्सर जनता का काम लेकर मेरे पास आते रहते है। क्षेत्र में हजारों करोड़ के कार्य करवा रहे हैं और आगे भी करवाएंगे। आप लोगों के काम के लिए हमेशा चिंता करते है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है और हमारे देश में बहुत काम हुआ है। डबल इंजन की सरकार आ चुकी है। सरकार का उद्देश्य है कि सबको एक साथ लेकर चलना है। जिसमें हमारे राजस्थान को विकसित बनाने के उद्देश्य को हम सबको मिलकर पूरा करना है।

ये मीरां बाई की धरती है। यहां मैं बहुत गर्व से कह सकती हूं कि मीरां बाई पैनारोमा नवीनीकरण और विस्तार हेतु केंद्र सरकार को पत्र भेजा जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह ने भी आश्वासन दिया कि यहां केंद्र सरकार की अच्छी योजना लेकर बहुत बड़ा काम होने वाला है तथा बहुत बड़ा पैनोरमा बनने वाला है। उन्होंने कहा कि मेड़ता पुष्कर रेल लाइन को लेकर कार्य चल रहा है, जल्द ही यहां के जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि मिलकर इस कार्य को धरातल पर लाएंगे। बहुत जल्दी काम शुरू होने वाला है।

सड़कों को लेकर कहा कि राजस्थान में इतनी सड़कें पहले कभी नहीं बनी। सड़के तो बनेगी और गुणवत्तापूर्ण बनेगी। हमारी सरकार क्वाल्टी और गुणवत्ता का काम करेगी।

# चूरू मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक से दिया अंगदान का संदेश



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज द्वारा देश में चले अंगदान अभियान में प्रदेश में चूरू दूसरे नंबर पर रहा। अंगदान को लेकर देर शाम नेचर पार्क में मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अंगदान का संदेश दिया। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार, अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी व एनसथेसिया डॉ. आंकाक्षा कस्वां के नेतृत्व में कॉलेज स्टूडेंट ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक के दौरान स्टूडेंट ने नेचर पार्क में नाटक देखने आए दर्शकों को बताया कि एक व्यक्ति अपने अंगदान कर आठ जनों को नया जीवन दे सकता हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल साइंस में ब्रेन डेड होने के बाद ही अंगदान कर सकते हैं। नाटक के दौरान मेडिकल स्टूडेंट ने अंगदान के प्रति हमारे समाज में फैली भ्रांतियों को भी दूर किया। उन्होंने बताया कि हमारे अंगदान करने से हम दुनिया से जाने के बाद भी दूसरों के शरीर में जिंदा रहते है। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने बताया कि जब प्रदेश में अंगदान अभियान शुरू हुआ था, तब चूरू 23 नंबर पर था। हमारी टीम ने दिन रात मेहनत की और हम नौवें स्थान पर आये। इसके बाद पांचवे और एक बार तो प्रदेश में एक नंबर पर आये थे। मगर हनुमानगढ़ की टीम ने हमसे ज्यादा मेहनत कर प्रदेश में पहले पायदान पर पहुंची। हम प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि अंगदान के मामले में राजस्थान पूरे देश में पहले नंबर पर रहा।

# गीतांजली हॉस्पिटल के एक्सपर्ट ने महिलाओं को उनकी सेहत के लिए किया जागरूक

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। लहरिया उत्सव के अवसर पर इस वर्ष रंगों के साथ स्वास्थ्य का संग देखने को मिला। नाथद्वारा स्थित स्टेचू ऑफ़ बिलीफ पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में, महिलाओं के लिए एक हेल्थ अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर की ओर से प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ और एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. दिव्या चौधरी ने हिस्सा लिया।

डॉ. दिव्या चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को माहवारी से जुड़ी समस्याओं, PCOD/PCOS और पेप स्मीयर टेस्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में युवतियों और महिलाओं में पीरियड्स अनियमित होना, अत्यधिक रक्तस्राव, दर्द या हार्मोनल असंतुलन आम समस्या बन चुकी है, लेकिन अधिकांश महिलाएं इन्हें नजरअंदाज कर देती हैं। यदि समय रहते इनका निदान और उपचार न किया जाए, तो ये गंभीर रूप ले सकती हैं।साथ ही, डॉ. दिव्या ने पेप स्मीयर टेस्ट की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए बताया कि यह एक सरल जांच है, जो गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) के कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने में सहायक होती है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे 21 वर्ष की आयु के बाद नियमित रूप से यह जांच कराएं।



इस अवसर पर मीराज द्वारा आयोजित लहरिया उत्सव में प्रसिद्ध अभिनेत्री स्मिता बंसल ने भी भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और भी बढ़ गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया पोशाक में भाग लेकर ना सिर्फ उत्सव का आनंद लिया, बल्कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी हुईं।

गीतांजली हॉस्पिटल इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला स्वास्थ्य और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश देने में सफल रहा। भविष्य में भी गीतांजली हॉस्पिटल इस प्रकार के आयोजन कर समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चूरू में बनेगी फोर लेन रिंग रोड, जल्द मिलेगी वित्तीय स्वीकृति- विधायक हरलाल सहारण

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के निवास पर चूरू विधायक हरलाल सहारण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि चूरू के चहुंमुखी विकास के लिए तथा शहर की समस्याओं के निदान के लिए बजट घोषणा के अनुसार सिवरेज प्रोजेक्ट - बजट घोषणा 2025-28 के अमृत 200 के अन्तर्गत चूरू शहर में सीवरेज लाईन, अतिरिक्त एस.टी.पी. निर्माण शोधित पानी का पुन:उपयोग कार्य का प्रोजेक्ट लागत (रख-रखाव सहित) राशि 89.72 की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा माह जून 2025 में जारी की गई है। इसमें चूरू शहर में सीवरेज से शेष रहे भाग में सीवरेज लाईन डालने तथा अग्रसेन नगर एस.टी.पी. के पास एक अतिरिक्त यूनिट स्थापित करने व सीवरेज परिशोधित पानी के रियूज शामिल है।



साथ ही सहारण ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम के लिए चूरू शहर में बरसात के समय जल भराव की विकट समस्या रहती है, जल भराव की समस्या से निजात पाने के लिए शहर में जल भराव स्थल वार्ड नं. 35- 36 सैनिक बस्ती, डाबला रोड़, जयपुर पुलिया ताजूशाह तकिया सहित अन्य जलभराव स्थल जहां बरसात के समय पानी एकत्रित होता है। बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार ड्रेनेज प्रोजेक्ट के अन्तर्गत जल भराव स्थल पर पूर्व से निर्मित डिग्गियों को हटवाकर उच्च क्षमता के पम्पिंग स्टेशन निर्माण व नवीन पाईप लाईन डालने का कार्य करवाने के लिए चूरू नगर परिषद् के स्तर से विस्तृत डीपीआर तैयार करवाने की कार्यवाही की जा रही है। ड्रेनेज प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार होते ही इसे राज्य सरकार के स्तर पर इस प्रोजेक्ट को स्वीकृत करवाया जायेगा। इसके पश्चात शहर में जल भराव की समस्या से शहरवासियों को निजात मिलेगी। साथ ही चूरू में फोर लेन रिंग रोड बनाने हेतु हाल ही में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि कुछ समय में ही इसकी डीपीआर तैयार कर वित्तीय स्वीकृति जारी की जाएगी। जिससे चूरू शहर के लिए एक और सौगात मिलेगी। भाजपा प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत धर्मेंद्र राकसिया ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा जिला मीडिया सह संयोजक राजीव शर्मा नीरज कुमार सोशल मीडिया सह संयोजक सुरेश मिश्रा मोहनलाल गढ़वाल आदि उपस्थित थे।

# सर्व समाज की ओर से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

## - मरहूम बिलाल लुहार एवं आजम लुहार को खिराज-ए-अकीदत पेश

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित मोहल्ला लुहारान में मरहूम बिलाल लुहार एवं मरहूम आजम लुहार की याद में उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करने के लिए सर्वसमाज की ओर से विशाल स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, रक्त दान शिविर में 273 यूनिट रक्त दान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य महिला आयोग की निवर्तमान अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती तथा अध्यक्षता राजकीय चिकित्सालय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार ने की, अति विशिष्ट अतिथि एडीशनल सीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी व राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चूरू में प्रोफेसर चर्म रोग विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. बजरंग सौनी, माइक्रो बॉयोलॉजिस्ट डॉ. नदीम इत्यादि थे। इस अवसर पर रक्त दान शिविर में पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, यूथ जिलाध्यक्ष आसीफ खान, असलम खोखर, रमजान खान, हसन रियाज चिश्ती, अजीज खान सलेमखानी, सोयल खान डीके, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, अजीज खान, उस्मान अन्सारी, रामेश्वर प्रसाद नायक, अली मोहम्मद भाटी, संजय भाटी, असलम खान मोयल, मोहम्मद आसिफ निर्वाण, विमल जालान, सम्मी उल्लाह,




आबिद खान जाबासर, तारिक नागोरी, फारूक इत्यादि उपस्थित थे। राजकीय भरतीया जिला अस्पताल ब्लड बैंक टीम में डॉ. आशीष कुल्हरी, तनवीर खान, दलिप कुमार, जयपाल गोदारा, मो. शकील, सरफराज, राकेश कुमार, अनिश खान, नरेंद्र सिंह इत्यादि ने एवं स्वास्तिक ब्लड बैंक टीम में मोहसीन, पवन, रोहिताश्व, कपिल इत्यादि ने अपनी सेवाएं प्रदान की। जीवन रेखा अस्पताल की ओर से मरहूम बिलाल लुहार एवं मरहूम आजम लुहार की याद में नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वार्डवासियों एवं क्षेत्रवासियों को चिकित्सा सुविधाओं का नि:शुल्क लाभ उपलब्ध करवाया गया। चिकित्सा टीम में डॉ. इरशाद, मोहम्मद आरिफ, अनिश, साहिल, अनिता, पुनम, मयंक इत्यादि ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर आयोजक मोहल्ला लुहारान अनारद्दीन लुहार, जाफर लुहार, अय्यूब, अज्जू लुहार, महबूब, सलाउद्दीन, करामत अली लुहार, हाजी बशीरद्दीन, हाजी सरवर, फारूक, मोसमद्दीन, उम्मेद, असलम, शोकीन, मुस्लिम, मो. महबूब, मुस्ताक, शरीफ, फारूक, रफीक, खलिल, मो. सालिम, मोफीक, महबूब, साजिद, शाहरुख, साऊद, लियाकत अली चौपदार, लतिफ, शाकीर, इमरान सहित समस्त मोहल्ला लुहारान एवं टीम अज्जू लुहार उपस्थित थी। प्रोग्राम में मरहूम बिलाल लुहार एवं मरहूम आजम लुहार के हक में दुआ की गई तथा मरहूम बिलाल लुहार एवं मरहूम आजम लुहार को खिराज-ए-अकीदत पेश की गई।

# "नेशनल स्कूल अवार्ड" चूरू की नव ज्ञान ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल को

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित नव ज्ञान सीनियर सैकेंडरी स्कूल को बेहतरीन संचालन एवं गुणवत्ता को देखते हुए नई दिल्ली में एनएसए संस्था द्वारा राजस्थान में बेहतरीन स्कूली शिक्षा में सुधार और महिला शिक्षा में प्रगति एवं शिक्षा के लिए योजनाओं के आधार पर दिया जाता है। डायरेक्टर अरशद खान ने बताया कि नई दिल्ली में यह संस्था शिक्षा पर नेशनल स्तर पर कार्य करती है, जो पूरे भारत के शिक्षा केंद्रों को जोड़ती है और बेहतरीन शिक्षा प्रणाली पर जो स्कूलें कार्य कर रही हैं उन्हें यह अवार्ड दिल्ली में एक समारोह में दिया जाता है। राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल स्कूल अवार्ड एक महत्वपूर्ण सम्मान है। यह पुरस्कार उन स्कूलों और शिक्षकों को दिया जाता है, जो अपने उत्कृष्ट कार्य और नवाचारी दृष्टिकोण से छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। नेशनल स्कूल अवार्ड प्राप्त करने वाले स्कूलों और शिक्षकों को यह सम्मान उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार न केवल उनके प्रयासों को पहचानता है, बल्कि अन्य स्कूलों और शिक्षकों को भी प्रेरित करता है।




## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/992844315

# नया चीन या उससे भी बेहतर... भारत की इकोनॉमी पर जिम दिग्गयज रोजर्स की बड़ी भविष्य वाणी



नई दिल्लीय। जिम रोजर्स दुनिया के जाने-माने निवेशक हैं। उन्हों्ने भारत की आर्थिक क्षमता पर बड़ा बयान दिया है। उनके मुताबिक, भारत में ग्लोकबल पावरहाउस बनेने की क्षमता है। जिम रोजर्स का मानना है कि भारत 'नया चीन या उससे भी बेहतर' बन सकता है। शर्त यह है कि वह विकास-समर्थक आर्थिक सुधारों को जारी रखे। रोजर्स ने भारत की विशाल, शिक्षित आबादी और बढ़ते बाजार को इसकी ताकत बताया है। ये इसे ग्लोकबल अर्थव्यवस्था में मजबूत स्थान हासिल करने का असली मौका देते हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि यह अवसर अपने आप नहीं मिलेगा। यह पूरी तरह से नीतिगत दिशा पर निर्भर करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रोडक्टिविटी बढ़ाने, व्यापार करने में आसानी लाने और निवेश का समर्थन करने वाले सुधार नहीं किए गए तो भारत की क्षमता रुक सकती है। उन्होंने यह भी ध्या न दिलाया कि हाल में विदेशी निवेशकों की निकासी के बावजूद भारतीय शेयर बाजार घरेलू निवेशकों के कारण लचीला बना हुआ है। वह इसे एक सकारात्मक संकेत मानते हैं। रोजर्स क्वांटम फंड के सह-संस्थापक हैं। उन्होंने ईटी नाउ से बात करते हुए भारतीय अर्थव्येवस्था। पर अपना नजरिया रखा। दिग्ग ज निवेशक के अनुसार, अगर सरकार का रवैया सही रहा तो भारत दुनिया के सबसे सफल देशों में से एक बन जाएगा। हालांकि, यह मौका अपने आप नहीं मिलेगा। यह सब नीतियों पर निर्भर करता है। अगर सुधारों से उत्पादन नहीं बढ़ा, कारोबार करना आसान नहीं हुआ और निवेश को बढ़ावा नहीं मिला तो यह संभावना रुक सकती है।

**भारत में चीन से भी बेहतर बनने की क्षमता**

विदेशी निवेशक आजकल भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। इसके बावजूद बाजार मजबूत बना हुआ है। छोटे निवेशकों ने बाजार को गिरने से बचा लिया है। जिम रोजर्स इसे अच्छा संकेत मानते हैं। उनका कहना है कि भारत में चीन से भी बेहतर बनने की क्षमता है। लेकिन, इसके लिए सरकार को सही नीतियां बनानी होंगी। अगर नीतियां सही नहीं होंगी तो भारत पिछड़ सकता है। जिम रोजर्स अभी भारतीय शेयर बाजार में पैसा नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने चीन और उज्बेकिस्तान में निवेश किया है। उन्हें लगता है कि इन देशों के बाजार में सुधार हो रहा है। रोजर्स भारत पर नजर रखे हुए हैं। अगर भारत में गिरावट आती है तो वह फिर से निवेश कर सकते हैं।

**अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नहीं भरोसा**

अमेरिका पर बात करते हुए रोजर्स ने कहा कि वह दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। उन्होंने डॉलर में निवेश सिर्फ सावधानी के तौर पर किया है। उन्हें अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भरोसा नहीं है। उनका मानना है कि जब दुनिया में डर का माहौल होगा तो डॉलर मजबूत होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि लोगों के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं होगा। रोजर्स को यह भी नहीं पता कि वह आगे क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हेंक कोई दूसरी करेंसी नहीं दिखती जो डॉलर से मुकाबला कर सके। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, 'अगर आपको कोई करेंसी पता है तो मुझे ईमेल करें।' भारत अभी दुनिया को दिखा रहा है कि वह चीन का अच्छा विकल्प बन सकता है। पश्चिमी देशों में राजनीतिक तनाव और बढ़ती लागत के कारण कई कंपनियां चीन से बाहर निकलना चाहती हैं। भारत के पास सुनहरा मौका है। रोजर्स का कहना है कि भारत को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। इसके लिए उसे लगातार सुधार करते रहने होंगे। अच्छी सरकार चलानी होगी। उनका संदेश साफ है: दुनिया देख रही है और दरवाजा खुला है। लेकिन, यह हमेशा खुला नहीं रहेगा। जिम रोजर्स ने भारत के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी और शिक्षित आबादी है। भारत का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। ये चीजें भारत को आगे बढ़ने में मदद कर सकती हैं। लेकिन, भारत को सही नीतियां बनानी होंगी। अगर भारत सही नीतियां बनाता है तो वह चीन से भी आगे निकल सकता है। **(साभार)**

# पीएम मोदी ने शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि की अर्पित

## -अस्पताल पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी सोमवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

**पीएम मोदी ने हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की**

पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचकर हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताते हुए संवेदना व्यक्त की।

**इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा पोस्ट**

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, "शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने सर गंगाराम अस्पताल गया। इस दौरान उनके परिवार से भी मुलाकात हुई। मेरी संवेदनाएं हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन और शिबू सोरेन के सभी प्रशंसकों के साथ हैं।"

**पीएम मोदी ने शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दु:ख जताया**

इससे पहले, पीएम मोदी ने शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दु:ख जताया। इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बात कर संवेदना प्रकट की।

**पीएम मोदी ने कहा- 'शिबू सोरेन एक जमीनी नेता थे'**

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, "शिबू सोरेन एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में ऊंचाइयों को छुआ। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों के सशक्तिकरण के लिए विशेष रूप से समर्पित थे। उनके निधन से दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और संवेदना व्यक्त की।"

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उनकी तबीयत लंबे समय से खराब चल रही थी और उन्हें किडनी से जुड़ी गंभीर समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था।बता दें कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज शाम लगभग 4.30 बजे रांची पहुंचेगा। झारखंड सरकार द्वारा राजकीय सम्मान के साथ उनके अंतिम दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, अब तक यह तय नहीं हो पाया है कि उनका अंतिम संस्कार कहां और कब किया जाएगा।

# इस्लाम खान ने कांस्य पदक जीत कर देश को गोरवान्वित किया



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के मोहम्मद इस्लाम खान ने वियतनाम में आयोजित हुई नवी एशियन पेनचक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया 25 जुलाई से 30 जुलाई को आयोजित हुवी 9वी एशियन पेनचक चैंपियनशिप वेतनाम में इंडियन टीम कोच इरफान अज़ीज़ बोटा, प्रेसिडेंट किशोर प्रकाश के नेतृत्व में चुरु के मोहम्मद इस्लाम खान पुत्र मोहम्मद आमीन खान वार्ड न. 38 चुरु के ओपन -2 110+ वेट केटेगरी में कांस्य पदक हासिल किया। इंडियन पेनचेक सिलेट चेयरमेन मुहम्मद इकबाल, राजस्थान सेक्टेरी पूरणमल जाट, कोच नरपत सिंह दुधवाखारा और चुरु अध्यक्ष पारश कवर ने शुभकामनाए दी। और कहा की कांस्य पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया है।

# ख़लीफा मोहम्मद बक्ष सेड़िया नाज़िमे आला का इंतक़ाल



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। ख़लीफा मोहम्मद बक्ष सेड़िया नाज़िमे आला मदरसा पीर की जाल का बुधवार 30.07.2025 को इन्तेक़ाल हो गया। उनको जुमेरात 31.07.2025 को पीर की जाल दरगाह शरीफ में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

मरहूम ख़लीफा मोहम्मद बक्ष सेड़िया नाज़िमे आला काफी समय से बीमार चल रहे थे । मरहूम ख़लीफा मोहम्मद बक्ष सेड़िया नाज़िमे आला कई वर्षों से रॉयल पत्रिका समाचार पत्र के सांचौर में पत्रकार थे तथा ह्मन राइट्स जस्टिस एसोसिएशन में प्रदेश महासचिव पद पर भी थे।

अल्लाह तआला से दुआ हैं कि मरहूम ख़लीफा साहब को जन्नतुल फ़िरदौस में आला से आला मुक़ाम अता फरमाए और घर वालों को सब्र-ए-जमील अता फरमाए।

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तहत 878 पत्रकारों पर हुए हमले- आरआरएजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में यूनुस की अंतरिम सरकार में पत्रकारों पर दमन जारी है। नई दिल्ली स्थित मानवाधिकार समूह राइट्स एंड रिस्क्स एनालिसिस ग्रुप (आरआरएजी) ने सोमवार को दावा किया कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के तहत पिछले एक साल में 878 पत्रकारों को निशाना बनाया गया, जो प्रेस स्वतंत्रता पर गहरा हमला दर्शाता है। 'बांग्लादेश: डॉ. मुहम्मद यूनुस द्वारा मीडिया स्वतंत्रता की हत्या' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में आरआरएजी ने बताया कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच पत्रकारों पर हमलों में 230 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के दौरान ऐसे 383 मामले सामने आए थे।

आरआरएजी के निदेशक सुहास चकमा ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि यूनुस सरकार के दौरान पत्रकारों के खिलाफ 195 आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए, जो कि शेख हसीना सरकार के दौरान दर्ज 35 मामलों की तुलना में 558 प्रतिशत अधिक हैं।

चकमा ने कहा, "जहां शेख हसीना सरकार में किसी भी पत्रकार की मान्यता रद्द करने की कोई मिसाल नहीं है, वहीं यूनुस सरकार ने 167 पत्रकारों की मान्यता रद्द कर दी।" रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश की एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट का दुरुपयोग करते हुए यूनुस सरकार ने 107 पत्रकारों को नोटिस भेजे।

हिंसा और धमकी की घटनाओं का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि जुलाई 2024 के विद्रोह के दौरान शेख हसीना सरकार में 348 पत्रकारों को हिंसा और आपराधिक धमकियों का सामना करना पड़ा, जबकि यूनुस शासन में यह आंकड़ा 431 तक पहुंच गया। जून 25, 2025 को डेली मातृजगत के संवाददाता खंडकार शाह आलम की हत्या कर दी गई, जो कि जेल से रिहा हुए स्थानीय अपराधी 'टाइगर बाबुल डकैत' द्वारा की गई प्रतिशोधात्मक कार्रवाई थी।

जुलाई 27, जुलाई 2025 को ढाका की साइबर ट्राइब्यूनल ने बांग्लादेश प्रतिदिन के संपादक नायम निज़ाम, प्रकाशक मैनाल हुसैन चौधरी और बांग्ला इनसाइडर के मुख्य संपादक सैयद बोरहान कबीर के खिलाफ डिजिटल सुरक्षा अधिनियम (डीएसए) के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किए, जबकि सरकार के विधि सलाहकार असिफ नज़रूल पहले ही 27 जून को सभी डीएसए मामलों को वापस लेने की घोषणा कर चुके थे।

रिपोर्ट के अनुसार, 21 अप्रैल 2025 को द डेली स्टार ने दिनाजपुर के संवाददाता कोंकन कर्मकार को बर्खास्त कर दिया, क्योंकि उनकी रिपोर्ट एक धार्मिक अल्पसंख्यक भावेश चंद्र रॉय की मौत को लेकर भारतीय मीडिया और भारत सरकार के संज्ञान में आई थी। चकमा ने आरोप लगाया कि यूनुस ने मीडिया को नियंत्रित करने के लिए 'सीए प्रेस विंग फैक्ट्स' नामक एक तंत्र की स्थापना की है, जो मीडिया और एनजीओ को डराने और "सरकारी सत्य" का निर्माण करने का कार्य करता है।

आरआरएजी ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से ब्रिटेन की ह्मन राइट्स जॉइंट कमेटी से अपील करेगा कि वह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दिए जा रहे सहयोग की समीक्षा करे और मीडिया पर लगाम लगाने की वजह से द्विपक्षीय समर्थन को वापस लेने पर विचार करे।

# प्रधानमंत्री मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा 2025' गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित




नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहल 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी), को "एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सर्वाधिक लोगों के पंजीकरण" के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान वर्ष 2025 में आयोजित कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान 3.53 करोड़ वैध पंजीकरण के अभूतपूर्व आंकड़े को मान्यता देता है।

'परीक्षा पे चर्चा' को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा माईगव के सहयोग से 2018 से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। 'परीक्षा पे चर्चा' प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परिकल्पित एक अद्वितीय वैश्विक मंच है, जहां वे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधा संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री की यह पहल परीक्षा के मौसम को सकारात्मकता, तैयारी और उद्देश्यपूर्ण शिक्षण का उत्सव बनाती है। इससे परीक्षाएं तनाव का नहीं, बल्कि प्रोत्साहन का अवसर बन जाती हैं।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का आधिकारिक प्रमाण पत्र नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, रेलवे और सूचना एवं प्रसारण), राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, माईगव के सीईओ एवं अन्य प्रमुख हितधारक उपस्थित रहे। रिकॉर्ड की घोषणा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक ऋषि नाथ ने की।

इस दौरान, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'परीक्षा पे चर्चा' ने परीक्षा प्रणाली को एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण के रूप में पुनर्परिभाषित किया है, जिसमें तनाव को सीखने के उत्सव में बदला गया है। पीपीसी 2025 को 21 करोड़ से अधिक दर्शकों ने विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर देखा। यह देश के समावेशी और समग्र शिक्षा के प्रति सामूहिक संकल्प का परिचायक है और विकसित भारत के विजन के अनुरूप है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को एक मंच पर लाकर तनावमुक्त और कल्याणकारी शिक्षण को बढ़ावा देने वाली अनोखी पहल बताया। उन्होंने कहा कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड इस बात का प्रमाण है कि जनता को इस कार्यक्रम पर अटूट भरोसा है। वहीं, जितिन प्रसाद ने कहा कि इसने तकनीक के माध्यम से जनभागीदारी को गहरा किया और पीपीसी की पहुंच को राष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित किया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तनावमुक्त और आनंददायक शिक्षण पर बल देती है, जो रट्टा-शिक्षा से हटकर अनुभव आधारित और आलोचनात्मक सोच पर केंद्रित है। इस दिशा में 'परीक्षा पे चर्चा' अब एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है, जो छात्रों को स्व-अभिव्यक्ति और आत्मविकास के अवसर देता है।

# सीएम फडणवीस ने साधा राहुल गांधी पर निशाना

## - कहा- देश के खिलाफ न करें बयानबाजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'चीन द्वारा भारत की जमीन पर कब्जा' वाले बयान पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि अगर राहुल गांधी सच्चे भारतीय होते, तो ऐसी बातें नहीं करते। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का समर्थन किया और राहुल गांधी पर देशहितों के खिलाफ बयानबाजी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश के हितों के खिलाफ बयानबाजी से बचना चाहिए।

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "मैं सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करता हूं, क्योंकि उच्च पदों पर बैठे लोगों को अफवाहें नहीं फैलानी चाहिए और न ही देश के हितों के खिलाफ बोलना चाहिए। हमने देखा है कि कैसे राहुल गांधी ने बिना किसी सबूत के बार-बार दावा किया है कि चीन ने भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। इस तरह के बयान हमारे सैनिकों के मनोबल को प्रभावित करते हैं, जो सीमा पर माइनस 40 डिग्री तापमान में लड़ रहे हैं। वे जानते हैं कि उन्होंने देश की जमीन की रक्षा की है। फिर भी, देश के एक वरिष्ठ नेता इस तरह के झूठे बयान देते हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "जिस भाषा में चीन या पाकिस्तान बोलता है, उसी भाषा में राहुल गांधी भी लगातार बोलते हैं। ये बहुत गलत बात है, जो देशहित के विरोध में हैं। वह एक बड़ी पार्टी के नेता हैं और इस कारण पूरी दुनिया में हमारे देश की बदनामी होती है। मुझे लगता है कि अब वह आगे से अपना रवैया बदलेंगे।"

मुंबई के कबूतरखाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, "कबूतरखाने बंद करने का निर्णय कोर्ट का है, न कि सरकार का। फिर भी जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर विचार-विमर्श के लिए सोमवार को प्रमुख लोगों के साथ बैठक बुलाई गई है। इस दौरान कोर्ट के फैसले और जनभावनाओं के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, नंदिनी हथनी के मुद्दे पर भी इस बैठक में चर्चा होगी।"

जितेंद्र आव्हाड के सनातन धर्म और हिंदुत्व पर दिए बयान पर फडणवीस ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "आव्हाड को न सनातन की समझ है, न हिंदुत्व की। वे सिर्फ वोटों की राजनीति के लिए बयानबाजी करते हैं। उनके बयानों का जवाब देना मैं उचित नहीं समझता।"

# बिहार में डोमिसाइल नीति लागू, शिक्षक बहाली में राज्य के निवासियों को फायदा- नीतीश कुमार



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार सरकार ने शिक्षक बहाली को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य में शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए डोमिसाइल नीति लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद इस बात की जानकारी सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी।

**शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है**

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।"

**टीआरई-5 के आयोजन के पूर्व एसटीईटी का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया है**

उन्होंने आगे लिखा, "शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों (डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह टीआरई-4 से ही लागू किया जाएगा।" उन्होंने कहा, "वर्ष 2025 में टीआरई-4 एवं वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा। टीआरई-5 के आयोजन के पूर्व एसटीईटी का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया है।"

**शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 1 अगस्त को शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि करने का ऐलान किया था। उन्होंने पोस्ट में लिखा था, "शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने इन कर्मियों की मानदेय राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है।"

**शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8,000 रुपए से बढ़ाकर अब 16,000 रुपए प्रति माह हो गया है**

सीएम नीतीश के इस फैसले के तहत मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों का मानदेय 1,650 रुपए से बढ़ाकर 3,300 रुपए प्रति माह किया गया। माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5,000 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रतिमाह किया गया। शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8,000 रुपए से बढ़ाकर अब 16,000 रुपए प्रति माह हो गया है।

# खेल विधेयकों पर चर्चा न होने से किरेन रिजिजू नाराज

## -बोले- संसद न चलने से लोकतंत्र को नुकसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र के तीसरे हफ्ते का पहला दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "हमारे विपक्ष के साथियों ने फिर हंगामा किया और संसद नहीं चलने दी। सोमवार को नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग एमेंडमेंट बिल पर चर्चा करनी थी लेकिन वो नहीं हो पाया।"

रिजिजू ने कहा, "खेल और खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा करनी थी, लेकिन इसको भी नहीं होने दिया। ऐसे में हम लोगों ने पर्याप्त संख्या होने के बावजूद इस बिल को पारित नहीं किया। हम विपक्ष को संदेश देना चाहते हैं कि बिना चर्चा के खेल जैसे महत्वपूर्ण बिल को हम लोग पास नहीं करना चाहते।" उन्होंने कहा कि मजबूरन कभी-कभी हंगामे के बीच किसी बिल को पारित करना पड़ता है। विपक्ष के नेताओं को कहना चाहते हैं कि आप लोगों ने दो सप्ताह पहले जो वादा किया था उस पर कायम रहें, तो मंगलवार से बिल पारित करने की कोशिश की जाएगी।

रिजिजू ने अनुरोध किया कि बिना चर्चा के बिल पारित करने के लिए मजबूर न करें। हम बिना चर्चा के बिल पारित करने के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन देश हित में बिल पारित करना भी आवश्यक है।

संसदीय मंत्री ने कहा, "मैं उम्मीद करता हूं कि देश में संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। कांग्रेस और अन्य दलों के कई सांसदों से मैंने बात की है। संसदीय कार्यमंत्री होने के नाते हम अलग-अलग दलों के नेताओं से मिलते रहते हैं। सबका मानना है कि संसद चलनी चाहिए। लेकिन जो उनके नेतृत्व का निर्णय होता है, उसके कारण ही उनके सांसद सदन में हंगामा करते हैं। सदन न चलने से सबसे ज्यादा नुकसान सांसदों को ही होता है। यह बात सभी को अच्छी तरह से मालूम है।"

उन्होंने कहा कि जब संसद चलती है, तो सांसदों को सरकार से सवाल पूछने का मौका मिलता है। फिर सरकार को जवाब देना पड़ता है, क्योंकि यह लोकतंत्र है। जब संसद नहीं चलेगी, तो सवाल नहीं पूछे जाएंगे और सरकार से जवाब भी नहीं मांगा जा सकेगा। इससे लोकतंत्र को ही नुकसान होगा।"

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com